जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 150, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 27 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी ने सपा को दी करारी शिकस्त, रामपुर- आजमगढ़ में लहराया भगवा

# उपचुनावः आजम-अखिलेश का किला ढहा

**लखनऊ।** रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ। भाजपा ने ये दोनों सीटें सपा से छीन लीं। रामपुर में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी ने करीब 42 हजार मतों से समाजवादी पार्टी के आसिम रजा को मात दी। वहीं, आजमगढ़ में भोजपुरी गायक और भाजपा उम्मीदवार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भाई धर्मेंद्र यादव को हराया। भाजपा के लिए यह जीत काफी मायने रखती है, क्योंकि रामपुर को सपा के कद्दावर नेता आजम खां और आजमगढ़ को अखिलेश-मुलायम का गढ़ माना जाता है। 2019 लोकसभा चुनाव में आजमगढ़ से अखिलेश यादव जीते थे। वहीं, 2014 में मुलायम सिंह यादव यहां से सांसद चुने गए थे। उधर, 2019 के लोकसभा चुनाव में आजम खां रामपुर में सांसद बने थे। अब ये दोनों सीटें भाजपा के खाते में चली गई हैं। वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) के कद्दावर नेता आजम खान के घर में ही उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने करारी शिकस्त दी है। भाजपा उम्मीदवार घनश्याम लोधी ने सपा के आसिम राजा को करीब 38 हजार वोटों से पराजित किया है। हालांकि चुनाव आयोग से घोषणा होना बाकी है। यह तब हुआ है, जब आजम खान ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को रामपुर में प्रचार करने से मना किया था। आजम ने वादा किया था कि वह रामपुर संसदीय सीट पार्टी को जीत कर देंगे। वह ऐसा कर पाने में बुरी तरह असफल रहे। 2024 से पहले उप्र में हुए लोकसभा उपचुनाव को सेमी फाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। रामपुर में भाजपा को मिली जीत आने वाले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के लिए अच्छे संकेत हैं। आजमगढ़ सीट पर भाजपा और सपा में कड़ी टक्कर मानी जा रही थी। कयास लगाए जा रहे थे कि निरहुआ आजमगढ़ में सीट निकाल सकते हैं जबकि, रामपुर में सपा के लिए लोग एकतरफा जीत का दावा कर रहे थे। मतगणना के दौरान इसके उलट स्थिति देखने को मिली। रामपुर में घनश्याम लोधी ने एक बार बढ़त बनाई तो पलट कर नहीं देखे। रामपुर में कमल खिलने से भाजपा के खेमे में खुशी की लहर है।





**अपने ही घनश्याम से हार गए आजमः** सपा के कद्दावर नेता आजम खान का किला ढह गया है। भाजपा उम्मीदवार घनश्याम लोधी ने चुनाव जीत लिया है। परिणाम आने के साथ ही यह चर्चा शुरू हो गयी है कि आजम अपने घनश्याम से शिकस्त खा गए। घनश्याम कभी आजम के बेहद करीबी हुआ करते थे। आजम के दाहिने हाथ के तौर पर वह उनकी सियासी ट्रेन दौड़ाया करते थे। भाजपा ने घनश्याम को ही टिकट दे दिया। घनश्याम को आजम के सारे दांव-पेंच पता थे। लिहाजा आजम की कोई भी चाल इस बार घनश्याम के सामने नहीं चल पाई और भाजपा को जीत मिल गई। इसके साथ ही आजम पर सियासी संकट मंडराने लगा है।

**रामपुर संसदीय क्षेत्र में कब किस दल को मिली जीतः** रामपुर से पहले पांच लोकसभा चुनावों में कांग्रेस जीतती रही। पहली बार 1977 में गैर कांग्रेसी दल जनता पार्टी का कब्जा हुआ। 1952 में रामपुर संसदीय सीट से पहला चुनाव कांग्रेस के कद्दावर नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद जीते। 1957 और 1962 में भी कांग्रेस के उम्मीदवार क्रमशः अहमद मेहंदी और जुल्फिकार अली खान को जीत मिली। जुल्फिकार अली खान ने 1971 के चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने में सफल रहे। पहली बार गैर कांग्रेसी दल से 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी के राजेंद्र कुमार शर्मा जीते। 1980, 1984 और 1989 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के जुल्फिकार अली खान को लगातार इस सीट पर जीत मिली। 1991 में रामपुर सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र कुमार शर्मा एक बार फिर चुनाव जीते। 1996 में फिर से कांग्रेस की उम्मीदवार बेगम नूर बानो ने बाजी मारी।

## 'डबल इंजन सरकार की डबल जीत, 2024 में सभी 80 सीट जीतेंगे'

**यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर व आजमगढ़ लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर कहा कि यह डबल इंजन वाली सरकार की डबल जीत है। जो कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एक संदेश है। उन्होंने कहा कि पहले विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत फिर विधान परिषद चुनाव और अब उपचुनाव में जीत डबल इंजन की सरकार के सुशासन पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव परिणाम बताता है कि जनता परिवारवादी और सांप्रदायिक दलों और नेताओं को स्वीकार करने वाली नहीं है।

## दिल्ली की राजेंद्र नगर सीटः आप की धमाकेदार जीत



**दिल्ली की राजेंद्र नगर सीटः** आप के राघव चड्ढा के राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद खाली हुई इस सीट पर अअढ ने दुर्गेश पाठक, भाजपा ने पूर्व पार्षद राजेश भाटिया और कांग्रेस ने प्रेम लता को मैदान में उतारा था। इस सीट पर आप के दुर्गेश पाठक ने 11,468 वोटों से जीते हैं।

**त्रिपुरा में 4 सीटों पर चुनावः त्रिपुरा में** अगरतला, बोरदोवाली टाउन और सूरमा से भाजपा विधायकों ने इस्तीफा दे दिया था, जबकि जुबाराजगर से माकपा विधायक का निधन हो गया था। बोरदोवाली टाउन सीट पर सीएम माणिक साहा ने कांग्रेस के आशीष कुमार साहा के खिलाफ जीत हासिल की है। माणिक ने 6,104 वोटों से जीत दर्ज की है। अगरतला सीट पर बीजेपी के पूर्व विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की है। जुबाराजगर सीट पर भाजपा के मलिना देबनाथ ने जीत हासिल की है। वहीं, सूरमा सीट पर भाजपा के स्वप्न दास ने जीत हासिल की है।

**आंध्र प्रदेश की आत्मकुर विधानसभा सीटः** आंध्र प्रदेश के आत्मकुर में कांग्रेस के विधायक मेकापति की मृत्यु के बाद खाली हुई सीट पर वाईएसआर कांग्रेस ने उनके भाई विक्रम रेड्डी को मैदान में उतारा है। इस सीट पर रफ कांग्रेस ने 82,888 वोटों से जीत हासिल की है। वहीं, भाजपा के जी भरत कुमार यादव दूसरे नंबर पर रहे।

# शिंदे के पास बहुमत, पर सत्ता की राह मुश्किल

**मुंबईः** महाराष्ट्र के पॉलिटिकल ड्रामा की जो स्क्रिप्ट गुवाहाटी में बैठकर लिखी जा रही है उसे सच करना इतना आसान नहीं है, जितना दिखाई दे रहा है। एक तरफ जहां शिवसेना से बगावत करने वाले एकनाथ शिंदे विधायकों का आंकड़ा पूरा होने का दावा कर रहे हैं। वहीं, बागी विधायकों में कुछ के संजय राउत के संपर्क में होने की बात सामने आई है। दरअसल, बागी विधायक चार दिन से गुवाहाटी के होटल रेडिसन ब्लू में हैं। वहां लगातार बैठकें हो रही हैं। इसमें शिवसेना के और विधायक तोड़ने की कवायद पर काम हो रहा है। एकनाथ शिंदे का दावा है कि उनके पास शिवसेना के 38 विधायक हैं। सूत्रों की मानें तो इनमें से 20 विधायक संजय राउत के साथ संपर्क में हैं।



**शिंदे कर रहे शिवसेना के कुछ और विधायकों का इंतजारः** एकनाथ शिंदे इस बात से भली भांति वाकिफ हैं कि गुवाहाटी में मौजूद कुछ विधायक महाराष्ट्र जाते ही शिवसेना की गोद में जाकर बैठ सकते हैं। ऐसा होने पर यह सारी कवायद औंधे मुंह ठीक ऐसे ही गिरेगी जैसे अजित पवार वाले मामले में हुआ था। इसलिए वह शिवसेना के कुछ और विधायकों का इंतजार कर रहे हैं। शिंदे चाहते हैं कि उनके पास शिवसेना के ही 42 विधायक हो जाएं, ताकि पहले से मौजूद कुछ विधायक अगर टूटते हैं तो उनका बहुमत का आंकड़ा कायम रहे।

**शिंदे गुट की सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारीः** शिंदे गुट ने सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर ली है। जिन 16 विधायकों की मान्यता रद्द करने के लिए डिप्टी स्पीकर नरहारी सिताराम जिरवाल ने नोटिस दिया है, उसका कानूनी जवाब क्या दिया जाएगा। इसके खिलाफ सोमवार को शिंदे गुट सुप्रीम कोर्ट में अपील कर रहा है। आज इस मामले में कानूनी सलाहें ली जा रही हैं। कोशिश सिर्फ यही है कि किसी तरह से इन 16 विधायकों की सदस्यता बरकरार रहे और शिंदे शिवसेना के लीडर बन सकें। मामला पेचीदा इसलिए भी है कि गुवाहाटी में बैठे हुए शिंदे बेशक कहते रहें कि उनके पास बहुमत के लिए विधायकों का आंकड़ा पूरा है, लेकिन आखिरकार इन्हें महाराष्ट्र विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए फ्लोर टेस्ट तो देना ही होगा।

## 14 जुलाई से शुरू होगी कांवड़ यात्रा, तैयारी में जुटा प्रशासन

**हरदोई।** सावन का महीना 14 जुलाई से शुरू हो जाएगा। इसी के साथ कांवड़ यात्रा की शुरूआत भी हो जाएगी। पुलिस-प्रशासन कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुटा है। नगर के अलावा देहात क्षेत्र में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम होंगे। हाईवे पर रूट डायवर्जन को लेकर प्लान तैयार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बकरीद त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना है। गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण से बचाव के मद्देनजर बीते दो साल से सावन कांवड़ यात्रा पर रोक रही थी।

## भारत-बांग्लादेश को जोड़ने वाला पद्मा पुल यातायात के लिए खुला



**ढाका।** भारत-बंगलादेश को जोड़ने वाला बहुप्रतीक्षित पद्मा पुल रविवार सुबह छह बजे से यातायात के लिए खोल दिया गया। इस पुल को पार करने के लिए पहले दिन सैकड़ों गाड़ियों की लंबी कतार देखी गईं। इस पुल पर टोल वसूली के लिए कुल 14 बूथ स्थापित किए गए हैं। इस पुल को पार करने के लिए मोटरसाइकिल को 100 टका (बांग्लादेशी मुद्रा), जबकि बस को 2,400 टका और मध्यम आकार के ट्रक को 2,800 टका का भुगतान करना होगा। पांच टन तक के मिनी ट्रकों के लिए 1,600 टका, पांच टन से लेकर आठ टन तक के वाहनों के लिए 2,100 टका, तीन धुरा ट्रकों के लिए 5,500 टका और चार धुरा ट्रेलर के लिए 6,000 टका निर्धारित किया गया। चार धुरे से अधिक प्रत्येक धुरे के लिए 1,500 टका टोल चुकाना होगा। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार दोपहर को रंगारंग कार्यक्रम में मुंशीगंज के मावा के अंतिम छोर पर बने 6.15 किलोमीटर लंबे पद्मा पुल की पट्टिका का अनावरण किया था। पद्मा नदी बांग्लादेश में गंगा नदी की प्रमुख धारा है। पद्मा नदी पर बना यह पुल-रेल और सड़क मार्ग परियोजना है। इस परियोजना को पूरा करने में 3.6 अरब डालर खर्च हुए हैं। यह मार्ग भारत और बांग्लादेश के कारोबारी रिश्तों को नया आयाम दे सकता है। इस पुल के खुल जाने से ढाका से कोलकाता की दूरी करीब तीन घंटे कम हो जाएगी। यही नहीं पड़ोसी देश के मोंगला पोर्ट से होते हुए पद्मा ब्रिज से भारत अपने पूर्वोत्तर राज्यों तक ज्यादा तेजी से पहुंच सकेगा। अभी तक पद्मा नदी को पार करने का एक मात्र जरिया नाव थी, जिससे एक पाट से दूसरी तरफ जाने में छह से आठ घंटे लगते थे।

## सीएम धामी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, दिये निर्देश

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं के उचित समाधान के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी समस्याओं को संबंधित विभागों को भेजा जाए और उन पर हुई कार्रवाई से भी अवगत कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित निराकरण अधिकारियों की जिम्मेदारी है। यह सुनिश्चित किया जाए कि जन समस्याओं का शीघ्रता से समाधान हो। आम जनता को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये बार-बार मुख्यमंत्री तक न आना पड़े, यह सुनिश्चित करना अधिकारियों का दायित्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबके विश्वास की भावना के साथ सभी की समस्याओं के समाधान के प्रति संकल्पबद्ध है।

## 'खेलो इंडिया' से सामने आई असाधारण प्रतिभायें'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल के दिनों में खेल प्रतियोगिताओं में युवा प्रतिभाओं की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बार कई ऐसी प्रतिभाएं उभरकर आई हैं, जो बहुत साधारण परिवारों से हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया युवा खेल भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चौपड़ा और क्रिकेटर मिताली राज का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने मन की बात की 90वीं कड़ी में कहा कि हाल ही में आयोजित हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हमारे खिलाड़ियों ने कई रिकॉर्ड बनाए। इन खेलों में कुल 12 रिकॉर्ड टूटे हैं - इतना ही नहीं, 11 रिकॉर्डस महिला खिलाड़ियों के नाम दर्ज हुए हैं । मणिपुर की एम मार्टिन देवी ने भारोत्तोलन में आठ रिकॉर्डस बनाए हैं । उन्होंने कहा कि खेलों इंडिया में इस बार कई ऐसी प्रतिभाएं उभरकर आई हैं, जो बहुत साधारण परिवारों से हैं। इन खिलाड़ियों ने अपने जीवन में काफी संघर्ष किया और सफलता के इस मुकाम तक पहुंचे हैं। इनकी सफलता में इनके परिवार और माता- पिता की भी बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 70 किलोमीटर साइकिलिंग में गोल्ड जीतने वाले श्रीनगर के आदिल अल्ताफ के पिता टेलरिंग का काम करते हैं। वेट लिफ्टिंग में गोल्ड जीतने वाले चेन्नई के एल. धनुष के पिता भी एक साधारण कारपेंटर हैं। सांगली की बेटी काजोल सरगार के पिता चाय बेचने का काम करते हैं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान ओलंपिक गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा के फिनलैंड पावो नूरमी खेलों में सिल्वर जीतने का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि नीरज ने अपने ही भाला भेंक के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। खेलों में नीरज ने एक बार फिर गोल्ड जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।




### असम में बाढ़: प्रभावितों को सरकार की ओर से हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

## बाढ़ के पानी से डूबे सिलचर का सीएम ने किया दूसरी बार दौरा

**कछार।** असम में इस वर्ष अप्रैल के बाद जून महीने में दूसरी बार बाढ़ से समूचा राज्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। राज्य में 35 में से 32 जिले बाढ़ से बुरी तरह से प्रभावित हैं। अभी भी 27 जिलों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। सबसे अधिक खराब स्थित बराकघाटी के कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर की है। सिलचर में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को बाढ़ के बाद उपजे हालात का जायजा लिया और लोगों से वार्ता की। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. सरमा कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर पहुंचे और रबर की नाव से शहर के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने बाढ़ के पानी के बीच घरों में रह रहे लोगों की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने पानी में घुस कर शहर की गलियों का पैदल दौरा भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित सिलचर शहर के नागरिकों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर शहर के नागरिक बेहद भावुक हो गये। कई लोगों की आंखों से आंसू बहते भी देखे गये। मुख्यमंत्री सिलचर शहर के रंगिरखारी में राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए तारापुर इलाके में रबर की नाव से लगभग एक घंटे तक घूम-घूमकर लोगों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा जनता के साथ है और प्रशासन बाढ़ प्रभावित लोगों की पीड़ा को कम करने का हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ असम सरकार के मंत्री परिमल शुक्लबैद्य, सांसद डॉ. राजदीप रॉय, विधायक दीपायन चक्रवर्ती और विधायक कौशिक राय के अलावा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



## वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी के हेलीकॉप्टर से टकराया पक्षी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हेलीकॉप्टर की रविवार को यहां पुलिस लाइन में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। उड़ान भरते ही हेलीकॉप्टर से एक पक्षी के टकरा जाने से यह नौबत आई। मुख्यमंत्री के सुरक्षित उतरते ही प्रशासन ने राहत की सांस ली। यह जानकारी जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने दी। जिलाधिकारी शर्मा के मुताबिक इसके बाद मुख्यमंत्री पुलिस लाइन से वापस सर्किट हाउस लौट गए।हेलीकॉप्टर में बर्ड हिट हो गया था। इसलिए सावधानी पूर्वक उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अब राजकीय विमान आ रहा है। मुख्यमंत्री बाबतपुर एयरपोर्ट से लखनऊ रवाना होंगे।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शनिवार शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आए थे। सर्किट हाउस में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जुलाई में प्रस्तावित दौरे के पूर्व तैयारियों का जायजा लिया था। देरशाम कालभैरव और बाबा विश्वनाथ के दर्शन भी किए। सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद पूर्वाह्न मुख्यमंत्री का काफिला पुलिस लाइन मैदान पहुंचा।

# एनसीसी कैडेटों नें निकाली नशा निरोधक जागरूकता रैली




एनसीसी कैडेटों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली

**अखंड भारत संदेस**

**नैनी।** अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर सेंट जॉन्स अकादमी में कार्यरत 15 यू पी बटालियन के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स ने रामपुर, करछना में जागरूकता रैली का आयोजन किया।

गौरतलब है कि हर साल 26 जून को विश्व स्तर पर ₹नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस₹ या ₹विश्व ड्रग निषेध दिवस₹ के रूप में मनाया जाता है। यह दिन दुनिया को नशीली दवाओं से मुक्त करने के लिए किए जा रहे कार्यों और सहयोग के विभिन्न प्रयासों का प्रतीक है। बता दें कि विश्व ड्रग निषेध दिवस की शुरूआत 26 जून 1989 को हुई। जबकि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उत्सव को 1987 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किया गया था। भारत में 15 अगस्त 2020 को इसी के तहत एक राष्ट्रव्यापी अभियान की घोषणा की गई। इसी आभियान के अंतर्गत, आज 15 यू पी बटालियन, सेंट जॉन्स अकादमी, करछना के छात्रों ने रामपुर, करछना क्षेत्र में जागरूकता रैली का आयोजन किया। पूरा बाजार ₹जन जन की है यही पुकार, नशे का करो बहिष्कार₹, ₹नशे को जो अपनाएगा पूरा जीवन पछताएगा₹ एवं ₹सबको यही बताना है, नशा दूर भगाना है₹ जैसे नारों से गूंज उठा। कैडेटों ने ना सिर्फ नशीले पदार्थों के सेवन का विरोध किया बल्कि साथ ही साथ विभिन्न बैनर पोस्टर की सहायता से नशीले पदार्थों से होने वाली शारीरिक एवं मानसिक क्षति से भी अवगत कराया। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ जरीन रिजवी ने कैडेटों को नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा दिलाई और तत्पश्चात शुभकामना संदेश देते हुए हरी झंडी दिखा कर रैली का शुभारभ किया। इसी दौरान एनसीसी ऑफिसर अभिजीत ने बताया कि ड्रग्स एवं किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन मानव के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही विनाशकारी है। आंकड़ों के अनुसार पिछले दस सालो में नशीली दवाओं का उपयोग करने वालों की संख्या में 22% की वृद्धि हुई है। इसके चलते न जाने कितने युवाओं की नौकरियां चली गई, वो गरीब और बेघर हो गए और यहां तक कि अपनी जान से भी हाथ धो बैठे, जिसका सब से बुरा प्रभाव उनके परिवार के ऊपर पड़ा। हम सभी नागरिकों को इसे गंभीरता से लेने कि जरूरत है। जमीनी स्तर पर हम सभी को अपने घर, परिवार और मोहल्ले में जितने भी लोग नशे की चपेट में है, उन्हे जागरूकता के साथ साथ हमारा साथ और समर्थन देने की भी आवश्यकता है, जिससे की वे इस आपदा से बाहर आ सके। इस लड़ाई को हम सब को मिल कर लड़ना है।पूरे कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी ऑफिसर अभिजीत के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर सेंट जॉन्स एकेडमी के अन्य स्टाफ ने अपनी मौजूदगी दर्ज कर कैडेटों का उत्साह वर्धन किया। मौके पर केडेट्स अदिति मिश्रा, शेरिल दुबे, वर्षा त्रिपाठी, जिया टुटेजा, जानवी भारद्वाज, नैना प्रजापति, उत्कर्ष पांडे, अभिक नवनीत सिंह, अनिरुद्ध कुमार, प्रशांत सिंह, हर्ष दुबे, कार्तिकेय सिंह एवं 15 यू पी बटालियन के अन्य पी आई स्टाफ भी मौजूद रहे।



## मद्य निषेध दिवस पर पुलिसकर्मियों ने लिया संकल्प

**शंकरगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय मद्य निषेध एवं निवारण दिवस के मौके पर जनपदभर के पुलिसकर्मियों ने नशा उन्मूलन का संकल्प लिया। पुलिसकर्मियों को नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए आम लोगों को भी जागरूक करने की सीख दी गई। इसी क्रम में शंकरगढ़ थाना परिसर में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने साथी पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई, मनोज कुमार सिंह ने कहा कि नशा समाज के लिए किसी कलंक से कम नहीं है। आज यह देश की सबसे बड़ी समस्या बनता जा रहा है। हम सभी को इसके खिलाफ आगे आने की जरूरत है, ताकि नशे की गिरफ्त में आ रहे किशोरों और युवाओं को इस दलदल से बाहर निकाला जा सके। इस मौके पर एसआई ऋतुराज सिंह,एसआई अमरेंद्र सिंह, एसआई प्रवेश कुमार यादव, एसआई अजीत कुमार वर्मा, संतोष कुमार तिवारी, संदीप मिश्रा समेत तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में यमुनापार के कोरांव, खीरी, मेजा, मांडा, कौंधियारा घूरपुर,बारा में भी पुलिसकर्मियों को जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई।



## अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर पुलिस कर्मियों को दिलाई गई शपथ

झूंसी। देश भर में रविवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस 2022 मनाया गया। इसी क्रम में सभी थानों में थाना प्रभारी द्वारा नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर उपस्थित समस्त पुलिस बल को नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। एसएसओ झूंसी वैभव सिंह ने थाना परिसर में पुलिसकर्मियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि न तो वे मादक पदार्थों का सेवन करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। उन्होंने कहा नशा समाज में फैल रही तमाम बीमारियों का कारण बन गया है। मादक पदार्थों के सेवन से समाज को दूर रखने के लिए पुलिसकर्मी पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से काम करेंगे। बेहतर समाज के निर्माण में पुलिस की अहम भूमिका होनी चाहिए।

# सरकारी मिलन केंद्र पर अवैध ढंग से कब्जा,एसडीएम से शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

## सरकारी मिलन केन्द्र रोकडी करछना बना रिहायशी



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत रोकड़ी मे वर्षों पूर्व सरकारी मिलन केंद्र भवन का निर्माण कराया गया था जिसमें ग्रामीणों द्वारा सरकारी मीटिंग एवं पंचायतों का कार्य व स्कूलों का संचालन किया जाता रहा है बताया जाता है कि इस भवन पर गांव के कि एक व्यक्ति पूरी तरह से रहा यशी मकान में तब्दील कर लिया है शिकायत कताओं के अनुसार एसडीएम को करछना को बताया गया कि इस सरकारी भवन मिलन केंद्र पर सन 2000 से 2005 तक प्राथमिक स्कूल का भी संचालन किया गया था जिसमें गांव के बच्चे पढ़ा करते थे तथा विद्यालय अलग से बन जाने के बाद उक्त मिलन केंद्र सरकारी भवन पर गांव के एक व्यक्ति ने दस्तावेजों में हेराफेरी कर व छत तोड़कर अपने मकान में मिलाकर रहायशी मकान बनाकर उसमें परिवार सहित रह रहा हैं जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी करछना अमृता सिंह को 1 सप्ताह पूर्व किया था लेकिन अभी तक कोई भी सक्षम अधिकारी उक्त गांव में मिलन केंद्र को खाली नहीं करा सका जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# चूल्हे की चिंगारी से गरीब का आशियाना जलकर राख



**करछना।** क्षेत्र के अंतर्गत बीरपुर गांव में शनिवार की रात चूल्हे की चिंगारी से कच्चे खपरैल घर में आग लगने से गरीब का आशियाना समेत गृहस्ती का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी भैया लाल पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ के यहां शनिवार देर रात 10 बजे के करीब घर की महिलाएं खाना बनाने के बाद चूल्हे में कुछ आग की चिंगारी छोड़कर गर्मी का दिन होने के कारण बाहर चली आई थी। उसी बीच चूल्हे के पास रखे गए खरपतवार में चिंगारी में आग पकड़ लिया। जहां थोड़ी देर बाद आग की लपटें तीव्र होकर कच्चे खपरैल घर को अपने आगोश में ले लिया और जलने लगा। वही घर के ऊपर से आग की लपटें निकलता देख घर के परिजन सहित आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों की शोर शराबा सुनकर धीरे-धीरे ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जहां घंटों मशक्कत कर ग्रामीणों ने बाल्टीयों के सहारे पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर के अंदर रखा गया 5 हजार रुपए व गृहस्ती का सामान समेत पास के कमरे में रखा गया जानवरो का भूसा जलकर राख हो गया। घर में आग लगने से पीड़ित परिवार के सामने कई प्रकार की विषम परिस्थितियां उत्पन्न हो गई हैं। ग्राम प्रधान रवि पटेल ने बताया कि मामले की जानकारी हल्का लेखपाल को दे दी गई है। रविवार का दिन होने के कारण हल्का लेखपाल नहीं आ सके । सोमवार को आने का आश्वासन दिया है । वही ग्राम प्रधान ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का प्रयास कर रहे हैं।

## बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बाइक खडी करके जरुरी काम से गया युवक जब वापस लौटा तो बाइक अज्ञात चोर उडा दिए। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है ।मिली जानकारी के अनुसार होलागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कस्तूरीपुर निवासी वीरेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र मदनमोहन तिवारी अपनी बाइक लेकर मऊआइमा के ग्राम उमरिया बादल गेंदा जरुरी काम से आए थे। बताया गया है कि वह बाइक खडी करके जरुरी काम से चले गए। वापस आने पर बाइक नदारद थी। वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

# आजमगढ़ और रामपुर जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ।** उत्तर प्रदेश की सबसे चर्चित आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीट के उपचुनाव में कमल खिला है।आजमगढ़ में कांटे की टक्कर में भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को करारी शिकस्त दी है, तो दूसरी तरफ आजम खान के गढ़ कहे जाने वाले रामपुर क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। रविवार को दोपहर करीब 3:30 बजे जैसे ही मतगणना समाप्त हुई और भाजपा प्रत्याशियों के जीत की घोषणा हुई, भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। नाचते गाते भाजपाइयों ने एक दसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। नामित सभासद सुधा गुप्ता ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है।इसी तरह भाजपा जिलाकोषाध्यक्ष अनूप केशरवानी ने पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों को इस जीत का श्रेय दिया। कमल खिलने पर यमुनापार में जगह जगह भाजपाइयों ने जीत का जश्न मनाते हुए पटाखे फोड़े और एक दूसरे को मिठाई खिलाई।शंकरगढ नगर के महिला हास्पिटल के सामने जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल,सभासद सुजीत केसरवानी,आईटी जिला संयोजक सतीश विश्वकर्मा, जिला सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार मिश्र, उमावर्मा, सार्थक गुप्ता, राहुल पांडेय आदि लोगों ने जश्न मनाते हुए भारत माता की जय, योगी मोदी जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए खुशी का इजहार किया।

## रंगदारी न मिलने पर दबंगों ने अर्धनिर्मित मकान ,जमीन पर कब्जा कर लिए

मऊआइमा। रंगदारी न मिलने पर दबंगों ने अर्धनिर्मित मकान और जमीन पर कब्जा कर लिए और जान से मारने की धमकी भी दिए । पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है ।प्रतापगढ़ के थाना मान्धाता के ग्राम तरौल निवासी महेश कुमार शर्मा पुत्र लालबहादुर शर्मा का आरोप है कि वह मऊआइमा के ग्राम हरखपुर में पांच बिस्वा जमीन खरीद कर आधे में निर्माण करा दिया। आरोप है कि हरखपुर के कतिपय दबंगों ने पहले रंगदारी मांगी मांग न पूरी होने पर मकान और जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिए। जमीन और मकान खाली करने के लिए बोलने पर गालियां दी और जान से मारने की धमकी भी दी। महेश कुमार शर्मा ने मऊआइमा थाने में हरखपुर गांव के रामजी यादव ,लालजी यादव ,भारत लाल यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा एवं रुद्र महायज्ञ

**लेडियारी।** क्षेत्र के खीरी तालाब पर स्थित पुराने शिव मंदिर पर श्रीमद भगवत कथा एवं रूद्र महायज्ञ का आरंभ कलश यात्रा से प्रारंभ हुआर फलस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष और बच्चे सम्मिलित हुए कलश यात्रा संपूर्ण ग्राम सभा में वैदिक मंत्रों के साथ भूमी वैदिक ब्राह्मणों द्वारा शंखनाद एवं घंटा घड़ियाल के साथ कलश यात्रा बड़े ही मनमोहक एवं सम्मोहित करने वाली भीर कथा श्रवण कराते हुए व्यासपीठ पर आसीन राम जी महाराज उपस्थित भक्त ॥ जनों को बताया कि आज सारे संसार में एक बार फिर से हिंदू धर्म का पताका बड़े ही तेजी के साथ ठहरा रहा है और अपना भारतवर्ष विश्व गुरु बनने की कगार पर खड़ा है श्रीमद् भागवत कथा हर मनुष्य को अपने जीवन काल में जरूर सुननी चाहिए और अगर कहीं आसपास श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा हो तो वहां ज्यादा से ज्यादा समय देकर कथा सुनने का चेष्टा रखना चाहिए और अपने जीवन को कृतार्थ करना चाहिए भगवान श्री कृष्ण ने जन्म के बाद से ही कंस द्वारा भेजे गए सभी शत्रु का बड़े ही आसानी के साथ संधार किया और उन्हें मृत्युलोक से मुक्ति दिलाई हम सब मानव का यह परम धर्म है कि ऐसा कोई भी कार्य ना करें जिससे कि हमारे आसपास के लोगों ने श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराते कथा वाचक राम जी महाराज।

एवं हमारे परिजन दुखी हो क्योंकि यह शरीर नधर है और सभी को एक दिन इस शरीर को त्याग कर दूसरे शरीर को धारण करना है अतः ऐसा कार्यकर्ता ही ना करें कि आप के न रहने पर आप के लोग निंदा करें भगवान श्री कृष्ण द्वारा नाना प्रकार के लिलांओं को अपने बाल्यकाल में किया श्रीमद् भागवत कथा के साथ-साथ मंदिर प्रांगण में ही श्री रुद्र महायज्ञ का भी आयोजन किया गया है जिसके मुख्य नेतृत्वकर्ता राजेश्वरानंद जी महाराज ने बताया कि उत्तर का आयोजन मुख्य रूप से संसार में चल रही अशांति को समाप्ति हेतु किया जा रहा है आज समूचा संसार एक दूसरे को खत्म करने और आगे बढ़ने की होड़ में इतना आगे चला गया है कि किसी को भी इसी के बारे में सोचने का समय ही नहीं है। भगवान की कृपा हुई तो जल्द ही संसार में शांति और मानवता एक बार फिर से संचालित होगी। कथा पंडाल में मुख्य रूप से राकेश केसरी (पप्पू) पंडित सूरज शुक्ला, कामता प्रसाद द्विवेदी हनुमान प्रसाद, मुन्ना द्विवेदी, रामायण प्रसाद शुक्ला, नीरज, मनीष सहित दर्जनों की संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# मन की बात'कार्यक्रम राष्ट्र के लिए करने की जज्बा और प्रेरणा देती है : दिलीप

**अखंड भारत संदेश**

## यमुनापार में 1558 बूथों व 310 सेक्टरों और 20 मंडलों में आयोजित हुआ कार्यक्रम




**शंकरगढ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ₹मन की बात₹ कार्यक्रम देश, समाज और स्वयं को कुछ राष्ट्र के लिए करने की जज्बा और प्रेरणादायक लोकप्रिय कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी के अत्याचार के काले दिनो से लेकर अमृत महोत्सव के 75 वीं वर्षगांठ पर मातृभूमि के वीरों के नमन, अंतरिक्ष, विधार्थियों, खेल प्रेमी युवाओं एवं महिलाओं के साथ भारत की परंपराओं और संस्कृत, धार्मिक व पर्यटक स्थलों के प्रतिभाशाली लोगों के प्रधानमंत्री द्वारा नाम लेने से हमें हमारे समाज को कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देती है। उक्त बातें शंकरगढ नगर मे नामित सभासद सुधा गुप्ता के आवास पर रविवार को आयोजित ₹मन के बात₹ कार्यक्रम के जिला संयोजक भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने मन की बात सुनने के बाद कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कही और कार्यकताओं से अपील किया कि अब पुनः आप सब को परिश्रम कर-के नगर पंचायत व लोकसभा के चुनाव की तैयारियां करके विजय दिलाकर नगरपंचायत अध्यक्ष और केंद्र मे भाजपा की मोदी की सरकार पुनः बनानी होगी। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी ने कहा हम सभी को अपने बूथों को मजबूत करना होगा। भाजपा मे कार्यकताओं का भविष्य है। राष्ट्रपति प्रत्याशी मुर्मू के साथ अनेकों उदाहरण केवल भाजपा मे दिखाई देती है। नामित संभासद सुधा गुप्ता ने कहा चुनाव मे हम सभी को आपसी सामंजस्य बनाए रखते हुए संगठन के मजबूती पर कार्य करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल ने करते हुए सभी का आभार जताकर क्षेत्रीय समास्याओं के निदान हेतू शीर्ष नेतृत्व के सामने रखकर जीत का परचम लहराने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सभासद महामंत्री सुजीत केसरवानी ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला-सह मीडिया प्रभारी व ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार मिश्र,मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा संदीप सिंह,मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा उमावर्मा, करुणा पति त्रिपाठी,सोमनाथ वर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, सार्थक गुप्ता, नितेश केसरवानी, सुमित त्रिपाठी,सनी केसरवानी,विजय बाबू वैश्य, रामायण सिंह, सुभाष,भीमा आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके पूर्व सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पं.दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए मन के बात कार्यक्रम को सुना। यमुनापार के जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती के निदेर्शानुसार 1558 बूथों व 310 सेक्टरों 20 मंडलों मे मन की बात के कार्यक्रय का आयोजन करते हुए बूथ समितियों संग बैठक भी आयोजित कर अग्रिम लोकसभा चुनाव के तैयारियों मे कार्यकताओं से जुटने का आह्वान किया गया।

## भाजपा जिला मंत्री के आवास पर भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**जसरा।** रविवार को जसरा मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम भाजपा जिलामंत्री यमुनापार कमलेश त्रिपाठी के आवास पांडर में संपन्न हुआ जिसमे मौजूद कार्यकर्ताओ ने मन की बात को सुना और उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिलामंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में चारों तरफ बिना किसी भेदभाव के जो विकास किया है निश्चित ही वह काबिले तारीफ है देश के साथ साथ उन्होंने विदेशों में भी भारत का डंका बजाया हैं। मन की बात में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष जगत नारायन शुक्ला, महामंत्री नीरज केसरवानी व भूपेंद्र पाठक, भाजपा नेता राकेश पाठक, अशोक तिवारी, शिवाकांत तिवारी, कमला द्विवेदी, अर्जुन विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### आनापुर चौकी इंचार्ज जनसुनवाई करते हुए लोगों को दी ईमानदारी की नसीहत



**सोरांव।** सर्किल के नवाबगंज थाना अंतर्गत ज्यादा गांव होने के चलते कुल 5 पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। जिससे क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधियों पर लगाम लगाया जा सके। पांच चौकियों में मंसूराबाद, आनापुर, लालगोपालगंज, श्रृंगवेरपुर,और डांडी चौकी बनी हुई है। रविवार को सरकार के शासनादेश के अनुसार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार और क्षेत्राधिकारी सोरांव सुधीर कुमार के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी नवाबगंज के देखरेख में थाना क्षेत्र की सबसे बड़ी चौकी आनापुर के तेज तर्राक व ईमानदार के प्रतीक के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले चौकी इंचार्ज विनय कुमार शुक्ला ने लोगों फरियादियों की फरियाद को सुना। इतना ही नहीं जनसुनवाई करते समय आए हुए सभी फरियादियों को क्षेत्र में अमन शांति बनाए रखने की बात कहे। गौरतलब हो कि चौकी इंचार्ज विनय कुमार शुक्ला सहित कुल 4 पुलिसकर्मी है। जिसके जिम्मे कुल 21 गांव की जिम्मेदारी है। इसको बखूबी निभाते हुए क्षेत्र में अमन शांति कायम करने में सफल है। जिसके अंतर्गत दरगाही, देवापुर, रामनगर, कोराली, लाई,सेरावा, बेरावा, आनापुर, माधोपुर कस्तूरीपुर सहित 21 ग्राम सभा की जिम्मेदारी आनापुर चौकी इंचार्ज के पास है। जब से चौकी प्रभारी ने कार्यभार संभाला है। तब से क्षेत्र में अपराधों की संख्या पर काफी हद तक अंकुश लग चुका है।

### अरैल घाट पर चला स्वच्छता अभियान



**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज के सौजन्य से अरैल घाट पर कार्यक्रम अधिकारी बब्रुवाहन सिंह जी के नेतृत्व में ज्येष्ठ मास में पालीथीन मुक्त वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। घाट पर एकत्रित कूड़े को नगर निगम सुपरवाइजर करन मलिक के सहयोग से गंगा तट से हटवाया गया।स्वच्छता अभियान में जनजागरण जागरूकता अभियान की मुहिम में भागीदारी करते हुए स्वच्छता अभियान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ज्योति सिंह- प्रयागराज एवं गौतम झा- झारखंड ने कहा कि लोगों को अपने अपने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना सबका प्रथम उद्देश्य होना चाहिए एवं मां गंगा के तटों पर स्नान से पूर्व साफ सफाई करके ही स्नान करना चाहिए ।कार्यक्रम में सर्वश्री संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, महेश प्रसाद केसरवानी, संदीप सिंह, मनीष शुक्ला,ऋषि दीक्षित, प्रवीण तिवारी, आत्म प्रकाश यादव,ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अनिल विश्वकर्मा,डां एस.आर.दिवेदी,सुनीता द्विवेदी,तुलसी तिवारी, गोविंद सिंह, लल्लू राम प्रजापति,हीरा लाल धुरिया,ज्ञान प्रकाश मिश्रा, पुष्पेन्द्र कुमार दुबे,अमरेश कुमारआदि उपस्थित रहे।

### एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी, जच्चा - बच्चा दोनों स्वस्थ



**नैनी।** जानकारी के मुताबिक चाका क्षेत्र के पालपुर लालती देवी पत्नी धनेश्वर को प्रसव पीड़ा हुई तो घूरपुर थाने में मौजूद 108 एंबुलेंस यूपी 32 बिजी 8560 के ई एम टी संजय कुमार पटेल, पायलट धर्मेंद्र कुमार मोदनवाल मोदनवाल को सूचना मिलने पर एंबुलेंस लेकर चाका क्षेत्र पालपुर गांव पहुंचे और प्रसूता लालती देवी 34 साल को लेकर निकले रास्ते में ही प्रसूता को असहनीय पीड़ा होने के कारण एंबुलेंस कर्मचारी की सूझबूझ से एंबुलेंस रोक दिया। जहां पर आशा प्रतिमा तिवारी की मदद से प्रसव पूर्ण कराया गया। उसके बाद सीएचसी चाका लाया गया, जहां पर डॉक्टर ने बताया कि जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

### अभिनंदन है देवतुल्य जनता-जनार्दन का कोटि-कोटि आभार : सरदार पतविंदर सिंह



**नैनी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ की लोकसभा उपचुनाव में ऐतिहासिक जीतकर उपचुनाव का मतलब साफ 2024 मोदी सरकार-तीसरी बार जीत की ढेर सारी शुभकामनाएं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में भाजपा की जीत, प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकारों के लोककल्याण के कार्यों व सुशासन पर जनता की मुहर है जनता ने विभाजनकारी,आतंकियों और दंगाइयों के समर्थकों को एक बार फिर से नकारा है। आज आह्लाद है.. वंदन है योगीजी का.. अभिनंदन है देवतुल्य जनता-जनार्दन का कोटि-कोटि आभार।

### विनीत यादव जीआईसी में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता बने



**जंघई।** शिवपुर, अनुवां गांव निवासी विनीत यादव पुत्र बाबुराम यादव का चयन जीआईसी में रसायन विज्ञान विषय में प्रवक्ता पद पर हुआ है उनके चयन से परिजनों एवं ग्रामीणों में हर्षोल्लास का माहौल है। विनीत की शिक्षा हाईस्कूल रामयश इंटरमीडिएट कालेज शिवपुर, अनुवां, इंटरमीडिएट की शिक्षा एनआईसी हंडिया, बीएससी इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं एमएससी भीमराव अम्बेडकर लखनऊ केंद्रीय विश्वविद्यालय से किया है।

### विश्वनाथगंज विधायक का सहसों में हुआ जोरदार स्वागत



**सहसों।** अपना दल एस गंगापार व यमुनापार द्वारा संयुक्त रूप से सहसों स्थित रोहित गेस्ट हाउस में रविवार को छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाया गया।? कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं तमाम कुरीतियों जैसे छुआ छूत, जातिवाद एवं अन्धविश्वास के धुर विरोधी शाहूजी महाराज ने निचले तबके के लोगों के लिए बहुत सारे कार्य किए। अनेकों छात्रावासों के निर्माण के साथ-साथ प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य एवं अस्पतालों में बिना किसी भेद-भाव के सभी के ससम्मान इलाज हेतु उचित व्यवस्था करवाया। सूखा पीड़ित किसानों के लिए अपनी तोपों का भी दान कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन गंगापार के जिलाध्यक्ष भानुप्रताप पटेल ने किया। अध्यक्षता यमुनापार जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल व संचालन गंगापार के जिला महासचिव वीरेंद्र पटेल ने किया। इस मौके पर सैदाबाद ब्लाक राजेन्द्र सिंह पटेल, धनूपुर ब्लाक प्रमुख, ज्योति यादव, विक्की मौर्य, डॉ राम बहादुर सरोज, बाबूलाल पटेल, शिवमूरत पटेल, फूलचंद पटेल, जिला मीडिया सचिव राजेंद्र सिंह पटेल, धर्मराज पटेल बागी आदि लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आज आएगी शतरंज ओलंपियाड की रिले टॉर्च, होगा भव्य स्वागत

**प्रयागराज।** देश में पहली बार आयोजित हो रहे शतरंज ओलंपियाड की रिले टॉर्च सोमवार को प्रयागराज आएगी। शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में रिले टॉर्च का सुबह सात बजे स्वागत होगा। स्वागत समारोह आजाद पार्क में पब्लिक लाइब्रेरी के पास होगा। प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी सबसे पहले रिले टॉर्च थामेंगे।ऑल इंडिया चेस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. संजय कपूर सुबह सात बजे मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री का स्वागत करेंगे। सुबह 7.05 बजे वूमेन ग्रैंडमास्टर वंतिका अग्रवाल खुली गाड़ी में आएंगी और रिले टॉर्च डायस पर रखेंगी। 7.10 बजे राष्ट्रगान होगा। 7.15 बजे ऑल इंडिया चेस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष समारोह के मुख्य अतिथि व अन्य मेहमानों को सम्मानित करेंगे। 7.20 बजे ऑल इंडिया चेस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष का स्वागत भाषण होगा। 7.30 बजे ऑडियो विजुअल प्रेजेंटेशन होगा। 7.40 बजे मुख्य अतिथि अपने विचार रखेंगे। 7.45 बजे डॉ कपूर मुख्य अतिथि को रिले टॉर्च देंगे। 7.47 बजे मुख्य अतिथि ग्रैंड मास्टर को रिले टॉर्च देंगे। 7.48 बजे ग्रैंड मास्टर रिले टॉर्च लेकर आयोजन स्थल से बाहर निकलेंगी। समारोह में महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी के साथ शतरंज के 100 से अधिक खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे।

# रिमांड पर लाए गए जावेद पंप से पुलिस ने की घंटों पूछताछ, करीबियों के दिखाए घर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अटाला बवाल के मुख्य आरोपी जावेद मोहम्मद उर्फ जावेद पंप से दूसरे दिन भी घंटों पूछताछ हुई। खुल्दाबाद व करेली पुलिस के अलावा अफसरों ने भी क्राइम ब्रांच कार्यालय में पहुंचकर सवाल पूछे। इस दौरान उसने अपने कुछ करीबियों के बारे में भी पुलिस को जानकारी दी। यही नहीं करेली जाकर उनका घर भी दिखाया। दोपहर बाद पुलिस टीम उसे लेकर देवरिया के लिए रवाना हो गई।शनिवार को जिला पुलिस की एक टीम जावेद को लेकर शहर पहुंची थी जिसके बाद उससे घंटों पूछताछ की गई थी। रविवार सुबह एक बार फिर उससे पूछताछ शुरू हुई। करेली व खुल्दाबाद थाने के प्रभारियों ने उससे अपने यहां दर्ज तीन मुकदमों के बाबत जानकारी हासिल की। पुलिस ने उससे पूछा कि अटाला में जुमे के दिन हुए बवाल के दौरान वह कहां रहा और किससे मिला। इसके साथ ही उस पर लगे आरोपों से संबंधित अन्य सवाल भी पूछे। उधर, आला अफसरों ने भी क्राइम ब्रांच कार्यालय पहुंचकर जावेद से पूछताछ की।

**कानपुर बवाल से क्या है कनेक्शन?**

खुल्दाबाद व करेली पुलिस के बाद पुलिस अफसरों ने जावेद से सवाल दागे। सूत्रों का कहना है कि अफसरों ने उससे लंबी पूछताछ की व कई बिंदुओं पर जानकारी हासिल की। इसमें से एक सवाल अटाला बवाल के कानपुर कनेक्शन से भी संबंधित था। दरअसल कानपुर में तीन जून को हुए बवाल के अगले ही दिन जावेद ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट की थी। पुलिस के मुताबिक, यह भड़काऊ पोस्ट था और इसे लेकर ही करेली थाने में चार जून की रात जावेद पर एक मुकदमा दर्ज किया गया था। इससे यह भी आशंका है कि कानपुर बवाल के बाद ही अटाला उपद्रव की साजिश शुरू हो गई थी। इसे लेकर ही अफसरों ने जावेद से उस फेसबुक पोस्ट के बाबत लंबी पूछताछ की।



**जुमे के दिन किन लोगों से हुई थी फोन पर बात**

सूत्रों का कहना है कि अफसरों ने जावेद से यह भी पूछा कि जुमे के दिन यानी तीन जून को उसकी फोन पर किन लोगों से बात हुई थी। दरअसल उसके मोबाइल की सीडीआर से कुछ ऐसे भी नंबरों की जानकारी मिली है जो फोन की कॉन्टैक्ट लिस्ट में सेव नहीं थे। ऐसे में इन्हीं नंबरों के संबंध में उससे जानकारी मांगी गई।

**साथ लेकर करेली पहुंची पुलिस**

पूछताछ के दौरान पुलिस ने जावेद से उसके कई करीबियों के बारे में भी पूछा। यह वह लोग हैं जिनकी भूमिका की जांच चल रही है। पुलिस को उनका नाम तो मालूम है लेकिन यह नहीं पता कि वह कहां रहते हैं। ऐसे में दोपहर एक बजे के करीब पुलिस फोर्स उसे लेकर करेली इलाके में पहुंची। जहां उसने अपने करीबियों के घर भी दिखाए। इसके बाद दोपहर बाद पुलिस टीम उसे लेकर देवरिया के लिए रवाना हो गई। गौरतलब है कि उसकी दो दिन की रिमांड अवधि रविवार को खत्म हो गई।जावेद की रिमांड अवधि रविवार तक ही थी। उसे देवरिया जेल में दाखिल कराने के लिए टीम रवाना हो गई है।

**- सत्येंद्र प्रसाद तिवारी, सीओ कोतवाली।**

### दिल्ली-हावड़ा रूट पर 200 की रफ्तार से चलेंगी ट्रेनें

**प्रयागराज।** सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले दिनों में प्रयागराज से देश की राजधानी दिल्ली तक ट्रेन द्वारा महज तीन से साढ़े तीन घंटे में पहुंचा जा सकेगा। यह संभव होगा निकट भविष्य में हल्की एल्युमिनियम बॉडी वाली ट्रेनों के संचालन से। लखनऊ स्थित अनुसंधान अभिकल्प व मानक संगठन (आरडीएसओ) ने 200 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ने में सक्षम सेमी हाइस्पीड ट्रेन की कम भार की एल्युमिनियम बाडी की डिजाइन तैयार की है। खास बात है कि इसका ट्रायल उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के प्रयागराज मंडल में होगा। ट्रायल इसी वित्तीय वर्ष में हो सकता है। दरअसल, देश में सर्वाधिक ट्रेनों की आवाजाही दिल्ली-हावड़ा रूट पर ही है। इसी वजह से इस रूट पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए यहां आधारभूत संरचना सुधारने पर ही रेलवे का जोर है। वर्तमान में दिल्ली-हावड़ा रूट पर ट्रेनों की अधिकतम स्पीड 160 किमी प्रतिघंटा करने की तैयारी जोरों से चल रही है। इस बीच आरडीएसओ द्वारा सेमी हाइस्पीड ट्रेन की कम भार की एल्युमिनियम बाडी की डिजाइन तैयार करने के बाद इस रूट पर 200 किमी की अधिकतम रफ्तार से ट्रेन संचालन आने वाले समय में शुरू हो सकेगा। आरडीएसओ के महानिदेशक संजीव भुटानी ने एल्युमिनियम बाडी कोच के बारे में जानकारी साझा की थी। इसके बाद ही अब ट्रेन सेट तैयार करने के लिए खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसका ट्रायल प्रयागराज मंडल में किए जाने की तैयारी की गई है। ट्रेन-18 (वंदे भारत) में जहां एसी चेयर ही है तो वहीं इस एल्युमिनियम बाडी कोच में आराम दायक बर्थ (स्लीपर) यात्रियों को उपलब्ध करवाई जाएगी।




### 40 फीसदी से कम अंक पर नहीं मिलेगा दाखिला

**प्रयागराज।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय एवं इससे संबद्ध कॉलेजों में अब दाखिले की राह आसान नहीं होगी। नए शैक्षिक सत्र 2022-23 में प्रवेश के लिए कटऑफ की न्यूनतम अर्हता तय कर दिया गया है। सभी पाठ्यक्रमों के लिए अलग-अलग श्रेणीवार अंक अनिवार्यता लागू की गई है। स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए सामान्य व ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 40 फीसदी अंक अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इससे कम अंक वाले छात्रों को विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में प्रवेश नहीं मिलेगा। इस बाबत शनिवार को विश्वविद्यालय की ओर से प्रवेश संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है। पहली बार विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में प्रवेश के लिए कटऑफ की न्यूनतम अर्हता तय की गई है। पीआरएसयू से मंडल (प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशाम्बी और फतेहपुर) के 657 कॉलेज संबद्ध हैं।विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में नए शैक्षिक सत्र में दाखिले के लिए शनिवार से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 जुलाई तय की गई है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार एसके शुक्ल की ओर से प्रवेश के लिए जारी गाइडलाइन के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सामान्य एवं ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 40 फीसदी और एससी-एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए इंटरमीडिएट में 35 फीसदी अंक होना अनिवार्य किया है। वहीं, परास्नातक में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों के स्नातक में इसी तरह के अंक छात्रों के होने चाहिए। प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए इस बार सामान्य व ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियो के लिए 50 फीसदी और एससी-एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45 फीसदी अंक अनिवार्य होने चाहिए।

# हॉस्टल के दबंगों ने किराये पर उठा दिए कमरे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) से जुड़े कुछ हॉस्टलों में दबंगों ने किराये पर कमरे उठा दिए हैं। हालांकि इनमें से ज्यादातर हॉस्टल ट्रस्ट के हैं, लेकिन इन हॉस्टलों में रहने वाले छात्र विश्वविद्यालय के हैं। किराये के कमरों में छात्रों के साथ कुछ ऐसे लोगों को भी रखा गया है, जो आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं और विश्वविद्यालय के छात्र नहीं हैं। हॉस्टलों से ऐसे दबंगों को बाहर करने के लिए एसएसपी ने इविवि प्रशासन को पत्र भी लिखा है और अब इस मसले पर सबकी नजरें विश्वविद्यालय प्रशासन पर टिकी हुई हैं। हालांकि शनिवार को हुई एकेडमिक कौंसिल की बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि हॉस्टलों से अवैध कब्जे हटाए जाने की जरूरत है, ताकि वहां की स्थिति में सुधार किया जा सके। हॉस्टल में रहने वाले कुछ छात्र ही बताते हैं कि एक कमरे में तीन-तीन लोगों को रखा गया है और तीनों से किराया वसूला जा रहा है, जबकि हॉस्टल का कमरा किसी दूसरे छात्र के नाम आवंटित है। कमरों पर अवैध कब्जे के कारण नए आवंटियों को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। जिन लोगों को किराये पर कमरे दिए गए हैं, उनमें से कई पर मुकदमे भी दर्ज हैं। मारपीट का मामला हो या छेड़खानी अथवा बमबाजी का, ऐसी घटनाओं में अक्सर हॉस्टल से जुड़े लोगों के नाम ही सामने आ रहे हैं।

**यहीं से संचालित करते हैं आपराधिक गतिविधियां**

### पीएचक्यू के पास हुई बमबाजी करने वालों का कनेक्शन निकला हॉस्टल से

कुछ दिनों पहले पीएचक्यू के सामने हुई बमबाजी इसका जीता-जागता उदाहरण है, जिसमें पकड़े लोगों पर पहले से मुकदमे दर्ज थे और उनका कनेक्शन हॉलैंड हाल हॉस्टल से निकला। हालांकि, पुलिस की छानबीन में यह बात सामने आई कि इनमें से कोई भी विश्वविद्यालय का छात्र नहीं है और न ही हॉस्टल का वैध अंतःवासी है। इन सभी का हॉस्टल के कमरों पर अवैध कब्जा है। ऐसे ही दबंगों की अगुवाई में कोचिंग और दुकानों से वसूली भी की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि पिछले दिनों लूकरगंज स्थित एक वाहन एजेंसी में पैसे के लेनदेन के विवाद में हुई तोड़फोड़ का मुख्य आरोपी वर्ष 2012 में विश्वविद्यालय छोड़ चुका है, इसके बावजूद हॉस्टल के कई कमरों पर उसका कब्जा है और उन कमरों से आपराधिक गतिविधियों को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। यही वजह है कि हॉस्टल के वैध अंतःवासी भी आए दिन हो रहे बवाल से त्रस्त होकर हॉस्टल छोड़कर जाने लगे हैं। विश्वविद्यालय को एसएसपी का कोई पत्र अभी प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। अगर विश्वविद्यालय के किसी छात्र के बारे में किसी भी प्रकार की शिकायत आती है तो विश्वविद्यालय की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-डॉ. जया कपूर, पीआरओ, इविवि**

### नैनी पुल से कूदकर युवती ने दी जान

**प्रयागराज।** नैनी नए पुल से यमुना में कूदकर एक युवती ने रविवार शाम जान दे दी। बताया जा रहा है कि लगभग 18 साल की एक युवती नए पुल पर पहुंची। उसने जींस और टीशर्ट पहनी थी। पुल पर हवाई चप्पल उतार दी। इसके बाद पुल से नीचे यमुना में कूद गई। यह देखकर लोग दंग रह गए। यमुना में मौजूद गोताखोर मनोज निषाद टीम के साथ उसे बचाने के लिए लग गए लेकिन नाकाम रहे। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोर युवती का शव बाहर निकाल सके। पुलिस ने छानबीन की लेकिन युवती के पास कोई कागजात नहीं मिला। न उसके पास कोई आईडी थी और न मोबाइल। पुल पर भी युवती की सिर्फ चप्पल मिली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कीडगंज पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया से युवती की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

### आरएसएस यमुनापार की वार्षिक योजना बैठक संपन्न

**जारी।** यह बैठक संघ शताब्दी वर्ष की तैयारी के निमित्त बीते 25 जून सायंकाल से 26 जून 2022 रविवार को दोपहर बाद तक चली । उद्घाटन सत्र का उद्बोधन काशी प्रांत के सेवा प्रमुख सत्य विजय जी द्वारा किया गया पांच सत्रों की बैठक में यमुनापार जिले के 8 खंड उरुवा, मेजा ,मांडा, कोरांव,करछना ,कौंधियारा ,शंकरगढ़, जसरा की वार्षिक योजना बनाई गई । विभिन्न सत्रों में विभाग और जिले के संघ अधिकारी शामिल रहे जिसमें मुख्य रुप से जिला संघचालक सुरेंद्र नारायण जी, जिला संघचालक विनोद जी ,जिला कार्यवाह महेंद्र जी , यमुनापार के जिला प्रचारक आलोक जी के अलावा आठ खंडों के खंड कारवाह एवं प्रशिक्षित स्वयंसेवकों ने सहभाग किया।

# प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य और योग की पढ़ाई अनिवार्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय और इसके संघटक महाविद्यालयों में सत्र 2022-23 से स्नातक स्तर पर सेमेस्टर सिस्टम लागू होने जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक सेमेस्टर में छात्रों के लिए सहगामी पाठ्यक्रमों को भी लागू किया जा रहा है। विद्यार्थियों को सहगामी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई अनिवार्य रूप से करनी होगी।स्नातक प्रथम वर्ष में प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को सहगामी पाठ्यक्रम के रूप में भोजन पोषण एवं स्वच्छता और द्वितीय सेमेस्टर में प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अनिवार्य रूप से पढ़ना होगा। स्नातक द्वितीय वर्ष में तीसरे सेमेस्टर के लिए मानव मूल्यों एवं पर्यावरण अध्ययन और चौथे सेमेस्टर के लिए शारीरिक शिक्षा एवं योग की पढ़ाई अनिवार्य होगी। वहीं, तृतीय वर्ष में पांचवें सेमेस्टर के लिए विद्यार्थियों को सहगामी पाठ्यक्रम के रूप में विश्लेषणात्मक क्षमता एवं डिजिटल जागरूकता और छठवें सेमेस्टर में संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास का अध्ययन करना होगा। स्नातक स्तर पर सहगामी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए शैक्षिक संसाधनों की व्यवस्था महाविद्यालय अपने स्तर पर करेंगे।




### ये हैं व्यावसायिक/कौशल विकास के पाठ्यक्रम

बेसिक्स ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, फोटोग्राफी, बेसिक्स ऑफ माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, वीडियोग्राफी, रेशम कीट पालन, खेल पोषण एवं भौतिक चिकित्सा, मधुमक्खी पालन, यात्रा प्रबंधन, कुटीर उद्योग, प्रिंटिंग, पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल विज्ञान, प्रकाशन, हस्तशिल्प, नवीनीकरणीय ऊर्जा प्रबंधन, आचार एवं पापड़ निर्माण, मृदा एवं जल संरक्षण, डेयरी उत्पाद एवं प्रसंस्करण, सौर्य ऊर्जा, बागवानी, पर्यटन प्रबंधन, बिजली उपकरणों की मरम्मत एवं रखरखाव, आतिथ्य प्रबंधन, योग एवं फिटनेस, खाद्य प्रसंस्करण, फर्नीचर विकास, नर्सरी प्रबंधन, मत्स्य प्रबंधन, पत्रकारिता एवं जन संचार, फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, हरितगृह तकनीक, कुक्कुट पालन, मूर्तिशिल्प।

### अधिकतम 15 वोकेशनल कोर्स शुरू कर सकेंगे कॉलेज

नए सत्र से राज्य विवि के संघटक महाविद्यालयों को अपने स्तर से वोकेशनल कोर्स शुरू करने की सहूलियत दी जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से 33 वोकेशनल पाठ्यक्रमों की लिस्ट जारी की गई है। महाविद्यालयों को विद्यार्थियों की संख्या एवं संसाधनों की उपलब्धता के मद्देनजर अधिक 15 वोकेशनल प्रशिक्षण क्लस्टर संचालित करने की अनुमति होगी। अगर कोई महाविद्यालय 15 से अधिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित करना चाहता है तो उसे कारण सहित संसाधनों की उपलब्धता का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हुए अलग से क्लस्टर संचालित करने की अनुमति लेने के लिए आवेदन करना होगा।

# जयश्री राम के उद्घोष के साथ प्रयागराज पहुंचे तीर्थ यात्री, कैबिनेट मंत्री ने किया स्वागत





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भगवान राम से जुड़े तीर्थ स्थलों का भ्रमण करवाने के लिए दिल्ली के सफदरगंज से चले 561 तीर्थ यात्री रविवार की रात प्रयागराज पहुंचे। यहां जय श्री राम और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ रामायण ट्रेन यात्रा के यात्रियों ने सबसे पहले यमुना किनारे वोट क्लब में कदम रखा। वोट क्लब स्थित पर्यटन विभाग के होटल त्रिवेणी में उन सभी तीर्थ यात्रियों का स्वागत सूबे के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं प्रयागराज की मेयर अभिलाषा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर हर एक तीर्थ यात्रियों को जहां चंदन का तिलक लगाया गया तो वहीं दूसरी ओर उन्हें अंगवस्त्रम भी पहनाए गए। भारत और नेपाल को जोड़ने वाली रामायण यात्रा भारत गौरव ट्रेन को जिसे मंगलवार 21 जून को केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था, उसके तीर्थ यात्री अयोध्या, जनकपुर, वाराणसी तक ट्रेन एवं वहां से सड़क मार्ग द्वारा संगम नगरी पहुंचे। वाराणसी से सड़क मार्ग से प्रयागराज पहुंचे पर्यटकों ने बीच रास्ते भदोही जिले के सीतामढ़ी में सीता समाहित स्थल भी देखा।

वहां से बसों द्वारा तीर्थ यात्री रात आठ बजे तक प्रयागराज पहुंचना शुरू हो गए। होटल त्रिवेणी के प्रांगण में स्थित खुले मैदान में लगी कुर्सियों में इनके बैठने का प्रबंध किया गया। सामने मंच पर उनके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। खास बात ये रही कि योगी सरकार की तरफ से कैबिनेट मंत्री यहां आने वाले हर एक तीर्थ यात्री से मिले। इस दौरान उनकी पुत्री जाह्नवी गुप्ता, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह, भाजपा नेता मनोज मिश्रा, अनिल झल्लर, लल्लू लाल गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**तीर्थ यात्रियों के लिए हुआ धनुष यज्ञ का मंचन :** तीर्थ यात्रियों के लिए कैबिनेट मंत्री की ओर से

**रामायण यात्रा :**

सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन करवाया गया। इस दौरान वहां रामलीला का मंचन करते हुए उसमें धनुष मंचन का दृश्य दिखाया गया। यह देख वहां तीर्थ यात्रियों ने जय सिया राम, जय श्री राम के खूब जयकारे लगाए। 1.20 घंटे का मंचन पथरचट्टी रामलीला के कलाकारों द्वारा किया गया।

**यात्री बोले प्रयागराज आकर हुई अलौकिक अनुभूति :** रामायण यात्रा के तीर्थ यात्रियों ने प्रयागराज आकर कहा कि यहां आकर अलौकिक अनुभूति हो रही है। इस ट्रेन में दिल्ली, राजस्थान, गुजरात हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश समेत तमाम राज्यों के साथ कनाडा, कैलीफोर्नियां आदि स्थान से आए तीर्थ यात्री सफर कर रहे हैं। इसमें से अधिकांश ने पहली बार अयोध्या, वाराणसी एवं उसके बाद प्रयागराज का सफर किया।अलवर से अपने पति एवं जेठ, जेठानी के साथ आई कमलेश शर्मा ने कहा कि अयोध्या के बाद जनकपुरी जाना बहुत अच्छा रहा। वहां माता सीता से जुड़े स्थल देखकर सुखद अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि वह पहली बार किसी तीर्थ यात्रा ट्रेन से सफर कर रही हैं। जयपुर से आई गृहणी इंदिरा शर्मा एवं गर्वनमेंट कालेज से रिटायर शिक्षिका उषा किरण ने कहा कि अयोध्या, जनकपुरी, काशी होते हुए प्रयागराज आने का अनुभव अच्छा रहा।अब सोमवार को त्रिवेणी संगम में वह डुबकी लगाने के लिए व्याकुल हैं। सिंचाई विभाग लखनऊ से सेवानिवृत्त अफसर अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अभी यात्रा लंबी है। अब तक का सफर अच्छा रहा। यहां से चित्रकूट, पंचवटी (नासिक), हंपी, रामेश्वरम आदि स्थानों का भी सफर तय करना है। आयकर विभाग से सेवानिवृत्त अफसर प्रमोद कुमार आनंद ने कहा कि बचपन में रामायण की जो कहानियां सुनी और उसे फिर दूरदर्शन में धारावाहिक के माध्यम से देखा, उन स्थानों पर पहुंचना बहुत सुखद है। सुबह लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया जाएगा।

**तीर्थ यात्रियों को परोसा गया मूंग का हलवा, आइस्क्रीम :** तीर्थ यात्रियों को रविवार की शाम खास व्यंजन परोसे गए। उन्हें मूंग की दाल के हलवे के साथ आइस्क्रीम दी गई। इसके अलावा पनीर बटर मसाला, काजू कोरमा, मिस्क वेज, दमआलू, मशरूम-काजू, कचौड़ी, जीरा राइस, दाल तड़का, पापड़, मिस्सी रोटी, रायता, पीठी कचौड़ी आदि को परोसा गया। भोजन भी स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किया गया।श्रद्धालु आज करेंगे संगम दर्शन, श्रृंगवेरपुर का भी होगा भ्रमणआईआरसीटीसी द्वारा शहर के 12 होटलों में श्रद्धालुओं को ठहराया गया है। सोमवार सुबह सभी को संगम स्नान करवाने के बाद लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन करवाया जाएगा। इसके बाद भरद्वाज आश्रम और श्रृंगवेरपुर धाम उन्हें ले जाया जाएगा। बाद में बस द्वारा ही प्रयागराज से चित्रकूट ले जाएगा। चित्रकूट भ्रमण के बाद तीर्थ यात्रियों को बस से मानिकपुर स्टेशन पहुंचाया जाएगा। वहां से वह रामायण यात्रा ट्रेन द्वारा अगले पड़ाव के लिए रवाना होंगे।

**श्रद्धालु आज करेंगे संगम दर्शन, श्रृंगवेरपुर का भी होगा भ्रमण :** आईआरसीटीसी द्वारा शहर के 12 होटलों में श्रद्धालुओं को ठहराया गया है। सोमवार सुबह सभी को संगम स्नान करवाने के बाद लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन करवाया जाएगा। इसके बाद भरद्वाज आश्रम और श्रृंगवेरपुर धाम उन्हें ले जाया जाएगा। बाद में बस द्वारा ही प्रयागराज से चित्रकूट ले जाएगा। चित्रकूट भ्रमण के बाद तीर्थ यात्रियों को बस से मानिकपुर स्टेशन पहुंचाया जाएगा। वहां से वह रामायण यात्रा ट्रेन द्वारा अगले पड़ाव के लिए रवाना होंगे। संगम नगरी में देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं के स्वागत का अवसर मिला। यहां इन तीर्थयात्रियों को रात्रि का भोजन करवा जो सुखद अनुभूति हुई उसे शब्दों में बया नहीं किया जा सकता। संगम नगरी से सभी अच्छी यादें लेकर जाएं, यही हमारा प्रयास है।

**- नंद गोपाल गुप्ता नंदी, कैबिनेट मंत्री, उ.प्र.सरकार।**

# इश्क का चढ़ा ऐसा जुनून कि छात्रा ने बदलवाया अपना जेंडर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इश्क का जुनून सर चढ़कर बोलता है, यह बात तो हमेशा सुनने को मिलती है, लेकिन यह जुनून इस कदर चढ़ गया कि एक छात्रा ने अपना जेंडर ही बदलवा लिया। उसने चार माह पहले एसआरएन अस्पताल में अपनी सर्जरी कराकरा शरीर के ऊपरी हिस्से को परिवर्तित करा लिया।हाल ही में अस्पताल के महिला एवं प्रसूती विभाग में हुई सर्जरी में उसकी बच्चेदानी को भी निकाल दिया गया। डॉक्टरों का कहना है कि कुछ माह बाद उसकी फाइनल सर्जरी होगी, इसमें उसके शरीर के सेक्सुअल हिस्से को भी बदल दिय जाएगा। इस तरह से एक से डेढ़ साल बाद वह पूरी तरह से एक पुरुष बन जाएगी। जेंडर बदलवाने का यह प्रदेश को दूसरा मामला है। इसके पहले मेरठ में एक युवती ने ऐसा कराया था।फाफामऊ की रहने वाली छात्रा 20 वर्षीय बीए की छात्रा को अपनी एक सहेली से प्रेम हो गया। उसने अपने परिवार में प्रेम के बारे में बताया और उसी के साथ शादी करके जीवन बीताने की इच्छा जाहिर की। इस पर परिवार वालों ने युवती को समझाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। इसके बाद छात्रा स्वरूपरानी नेहरू चिकित्साल में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. मोहित जैन के पास पहुंची और उसने अपना जेंडर बदलावाने की इच्छा जाहिर की।इस पर डॉक्टरों ने पहले छात्रा को मनोचिकित्सक के पास भेजकर उसकी काउंसलिंग करायी। जहां शारीरिक व मानसिकरूप से उसे स्वस्थ पाया गया। साथ ही मनोचिकित्सकों ने पाया कि छात्रा के अंदर जेंडर आईडेंटिटी डिसऑर्डर है। इसमें लोगों को प्रकृति से मिले अपने शरीर के जेंडर को लेकर घुटन होने लगती है। इस पर अस्पताल के डॉक्टरों ने बालिग होने के कारण छात्रा से शपथ पत्र लिया और उसके ऑपरेशन की तैयारी में जुट गए।छात्रा का ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर मोहित जैन ने बताया कि युवती के पुरुष बनने की प्रक्रिया में केवल शारीरिक परिवर्तन ही नहीं होंगे। उसके हाव भाव को भी बदला जाएगा। उसकी दाढ़ी मूछ भी उगाई जाएंगी। इसके लिए उसे टेस्टोरान हार्मोन थेरेपी दी जाएगी। जिससे उसके भीतर का पुरुषत्व जागेगा और उसके अंदर पूरी तरह से परिवर्तन आने लगेगा। फिलहाल प्रक्रिया जारी है। डॉक्टर छात्रा की इच्छा पूरा करने में जुटे हैं।

### अभी तक दिल्ली और मुम्बई में होता था ऐसा ऑपरेशन



लड़की से पुरुष बनने वाली छात्रा का ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों ने बताया कि इस प्रकार का ऑपरेशन अभी तक दिल्ली या मुम्बई जेसे महानगरों में होता था। जिसका खर्च 5 से 6 लाख रुपये आता था। जबकि एसआरएन में यह काफी कम पैसों में हो रही है। पूरी प्रक्रिया काफी लंबी और जटिल है। ऐसे मामलों में युवती में टेस्टोरान हार्मोन धीरे-धीरे प्रत्यारोपित किया जाएगा। जिससे उसमें पुरुषत्व को बढ़ावा मिल सके।हालांकि की छात्रा का इलाज कर रही एसआरएन अस्पताल की प्रसूति विभाग की प्रमुख डॉ. अमृता चौरसिया ने मामले में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। उनका कहना है कि यह किसी का बेहद निजी मामला है। इसमें किसी भी प्रकार की बयानबाजी उचित नहीं है। हालांकि अन्य चिकित्सकों ने बताया कि अभी छात्रा का तीसरे चरण का ऑपरेशन यूरोलॉजिस्ट और प्लास्टिक सर्जन से मिलकर होना है।




## संगठन के विकास, विस्तार व सदस्यों की समस्याओं पर हुई परिचर्चा

**प्रयागराज।** एंटी करप्शन टीम के क्षेत्रीय कार्यालय में हंडिया प्रभारी निशा मिश्रा के नेतृत्व में संगठन में ऊजार्वान सदस्यों की नव नियुक्ति कर संगठन के विकास विस्तार व विभिन्न विषयों पर परिचर्चा कर नये सदस्यों को परिचय पत्र, नियुक्ति प्रमाण पत्र सहित माल्यार्पण कर सम्मानित किया और उन्हें सेवा व समर्पण का संकल्प दिलाया गया ।जिसमें मुख्य रुप से माननीय प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार निषाद,जिला उपाध्यक्ष निशा मिश्रा, रत्नेश कुमार जायसवाल, सचिव हंडिया अरुण कुमार केसरवानी सह-सचिव हंडिया नीरज कुमार जायसवाल सह-सचिव हंडिया व विनोद कुमार केसरी, श्याम बाबू केसरवानी.सत्यदेव केसरवानी, धर्मेंद्र कुमार कनौजिया, मोहम्मद इमरान,दीपू सोनी, शिवांशु दुबे,सुमित, मनीष केसरवानी,सचिन सेठ, प्रवीण जायसवाल, गोपी मोदनवाल,ऋषिकेश सोनी,श्रीविजय राज मौर्य,शुभम सेठ,हिमांशु जायसवाल एवम हंडिया यूनिट के सदस्यगण सहित स्थानीय गणमान्यजन उपस्थित थे।

## अपराधों पर अंकुश लगाने वाली पुलिस ही अपराधी बनाने की ठोक रही ताल!

**खीरी थाना के लेड़ियारी चौकी प्रभारी का धमकी भरा आडियो वायरल**

**लेड़ियारी।** एक ओर जहां अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण किए जाने हेतु जनपद के सजग एवं कर्मठ एसएसपी अजय कुमार पाण्डेय द्वारा मातहतों को निर्देश दिया जा रहा है जिससे क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रहे वहीं दूसरी ओर खीरी थाना क्षेत्र के लेड़ियारी चौकी प्रभारी चन्द्रशेखर यादव द्वारा क्षेत्र की शान्ति व्यवस्था में खलल पैदा की जा रही है। एक हिन्दी दैनिक अखबार के स्थानीय संवाददाता को टाप टेन अपराधी बनाने की ताल ठोंकी जा रही है। मामले का आडियो वायरल होने के बाद तल्ख तेवर अंदाज में चौकी प्रभारी द्वारा पत्रकार को दी गई धमकी को लेकर इलाकाई संभ्रांतजनों की आंखें लाल देखी गई। ज्ञात हो कि बीते कुछ ही दिन पूर्व हिन्दी दैनिक अखबार का एक स्थानीय संवाददाता पुलिस सहायता केन्द्र लेड़ियारी पर समाचार कवरेज के सिलसिले में पहुंचा। संवाददाता अपने शर्ट की जेब में मोबाइल रखा था जिसे चौकी प्रभारी चन्द्रशेखर यादव द्वारा तल्ख लहजे में पैन्ट की जेब में रखने का हुक्म दिया और कहा कि कोई भी मेरे सामने आये तो वह अपना मोबाइल नीचे की जेब में रखकर आये। अब सवाल यह उठता है कि चौकी प्रभारी लेड़ियारी को मोबाइल से इतना डर क्यों ? आखिर दरोगा की कौन सी ऐसी गलत कार्य प्रणाली है जिससे वह रिकार्डिंग से डर रहा है। मामला तो रविवार को साफ हो सका जब एक अन्य संवाददाता ने अवैध गांजा बिक्री की खबर को लेकर चौकी प्रभारी लेड़ियारी चन्द्रशेखर यादव से वार्ता किया। चौकी प्रभारी द्वारा दूसरे संवाददाता से भी तेवर भरे अंदाज में बात के साथ कहा गया कि जिस पत्रकार ने मेरे खिलाफ खबर लिखी है उसके खिलाफ भी तमाम शिकायतें आईं हैं। मैं चार पांच दुकानदारों से अवैध वसूली किए जाने का शिकायती पत्र लेकर पत्रकार को टाप टेन अपराधी बना दूंगा। फिलहाल मामले का आडियो वायरल होने के बाद पुलिस की कार्य प्रणाली पर लोगों की उंगलियां उठना स्वाभाविक है। इतना ही नहीं पत्रकार एसोसिएशन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज से शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा सहित 60 लोगों पर रानीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज

## दो दिन पहले शिवसत गांव में निमार्णाधीन इंजीनियरिंग कालेज की दीवार को धक्का देकर गिराया था

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रानीगंज क्षेत्र के शिवसत में बन रहे राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की निमार्णाधीन दीवार गिराने के मामले में सपा विधायक डा0 आरके वर्मा सहित 6 नामजद व 50 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट रानीगंज थाने में दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज होने से सपाईयों में हड़कंप है।

यद्यपि डा0 आरके वर्मा का कहना है कि सरकार को कार्यवाही करने के बजाय निमार्णाधीन इंजीनियरिंग कालेज की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिये। निर्माण में इतनी घटिया सामग्री इस्तेमाल की जा रही है कि एक धक्के से दीवार गिर जा रही है। इससे ज्यादा प्रमाण क्या हो सकता है। वह इस मामले को विधान सभा में भी उठाएंगे। बता दें कि दो दिन पहले सपा विधायक अपने भ्रमण के दौरान शिवसत गांव में अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे। वहां उन्होंने निमार्णाधीन इंजीनियरिंग कालेज की दीवार को धक्का देकर गिरा दिया। रानीगंज थाना में नोएडा की अमरोंन्ट्रास इंफ्राटेक प्रा.लि. के प्रोजेक्ट मैनेजर इरशाद अहमद की तहरीर पर कंधई थाने में सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 2 व 3 के अलावा आईपीसी की धारा 147, 504, 506, 427 व 353 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।



निमार्णाधीन दीवार को धक्का देकर गिराते रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा

### जिला चिकित्सालय में अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 शिवपूजन यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के जिला चिकित्सालय से एक व्यक्ति मनीष कुमार रावत पुत्र बृजमोहन रावत निवासी श्रीराम चैराहा गणेशीलाल रामकुमार धर्मशाला, थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ को एक अदद देसी तमंचा 12 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

# अग्निपथ भर्ती योजना अंधकारमय भविष्य की योजनाः प्रमोद तिवारी

## अग्निपथ भर्ती योजना के खिलाफ लालगंज में आज हुकांर भरेगी कांग्रेस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने अग्निपथ भर्ती योजना को राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय हेतु के विपरीत ठहराते हुए देश के नौजावानों के लिए मोदी सरकार का अब तक का सबसे बड़ा अन्यायकारी कदम ठहराया है। राज्यसभा सांसद एवं पार्टी की केन्द्रीय कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्य प्रमोद तिवारी ने साफ एलान किया है कि कांग्रेस पार्टी युवाओं की अग्निपथ भर्ती योजना को लेकर जताये जा रहे विरोध का लोकतांत्रिक व नैतिक समर्थन करती है। श्री तिवारी ने इस सैन्य भर्ती योजना को लेकर देश के कोने कोने में बड़े पैमाने पर युवाओं के सड़क पर उतर कर भारी रोष जताये जाने के बीच युवाओं से शांति एवं सयम का रास्ता अपनाये जाने का आवाहन किया है।



प्रमोद तिवारी।

प्रतिशत युवा सेना से रिटायर्ड होगे तो यह सेना के फाउडिंग प्रिंसिपल के साथ खिलवाड़ व घातक होगा। केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने अग्निवीर के पास वेतन के स्थायी सुविधा न होने तथा मेडिकल और न परिवार की शिक्षा की व्यवस्था तक न होने को सैन्य क्षेत्र में मोदी सरकार द्वारा एक बड़ी विफलता को थोपे जाने का अविवेक पूर्ण फैसला ठहराया है। उधर अग्निपथ भर्ती योजना को लेकर देश भर में चलाये जा रहे पार्टी के सत्याग्रह आंदोलन के तहत आज सोमवार को लालगंज में भी कांग्रेस सत्याग्रह का आयोजन करेगी। प्रातः दस बजे से नगर के इन्दिरा चैक स्थिति पार्क में कार्यकर्ता सत्याग्रह में हुकांर भरेगें। मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के मुताबिक सत्याग्रह कार्यक्रम में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी पूर्वान्ह ग्यारह बजे शामिल होंगे।

# अर्द्धविक्षिप्त महिला ने घर के समीप कुंए में कूदकर दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मानसिक रूप से बीमार चल रही है। एक महिला अपने घर से 200 मीटर की दूरी पर स्थित एक कुएं में कूदकर जान दे दिया। थोड़ी देर बाद कुछ लोगों ने कुंए में हलचल सुनी तो उसके पास पहुंचे और शोर मचाया तो मौजूद ग्रामीण किसी तरह उसे कुंए से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव रहने वाली गुलाबा देवी पत्नी सभापति पांडे उर्फ छेदीलाल (55) काफी दिन से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। घर से निकल जाने के बाद परिजन उसे ढूंढते रहते थे। रविवार की सुबह वह घर से निकली तो किसी की नजर उस पर नहीं पड़ी। घर से लगभग 200 मीटर दूर स्थित एक कुंए में वह कूद गई जिससे उसमें डूब गई तभी गांव के किसी व्यक्ति ने उसे डूबते हुए देख लिया। शोर मचाने पर ग्रामीण रस्सी के सहारे किसी तरह उसे कुएं से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसके पेट में काफी पानी चला गया था। बाहर निकालने पर उसकी सांसें थम गई थी। मौजूद लोगों ने पुलिस को फोन किया तो पुलिस मौके पर पहुंची परिजनों तथा ग्रामीणों की तरफ से किसी प्रकार की शिकायत ना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा करके महिला का शव परिजनों को सौंप दिया। 55 वर्षीय महिला गुलाबा देवी काफी दिन से बीमार चल रही थी उसके दो बेटियों की शादी हो चुकी है। एक बेटा रमाकांत जिसकी शादी हो चुकी है वह भी काफी दिन से अपनी मां के इलाज के लिए परेशान रहता था। इस संबंध में पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि मृतक महिला काफी दिन से बीमार चल रही थी मानसिक स्थिति ठीक ना होने के कारण उसका इलाज प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी हॉस्पिटल में चल रहा था सुबह मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण कुएं में कूदकर उसने अपनी जान दे दी। शव को महिला के परिजनों को सौंप दिया गया है।

### गाली गलौज व धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अस्थान सधई का पुरवा निवासी री प्रसाद पटेल उर्फमुन्ना पुत्र मटुक प्रसाद ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के एक युवक ने शनिवार की शाम लगभग सवा सात बजे नशे में धुत होकर नेवली गांव में अपनी मोटरसाइकिल से कर मुझे भद्दी भद्दी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारने दौड़े, जिस पर किसी तरह आस पास के लोग दौड़ पड़े और मामला को शांत करा दिया।

### ब्लाक कालाकांकर पँहुचे डीडीओ व डीसी मनरेगा, मचा हड़कंप

**परियावां, प्रतापगढ़।** ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर की ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानो द्वारा बीडीओ कालाकांकर के खिलाफ शिकायत की जांच का निस्तारण करने जिला मुख्यालय से डीडीओ ओमप्रकाश मिश्र व डीसी मनरेगा इंद्रमणि त्रिपाठी ब्लाक कालाकांकर पहुँचे जहाँ मौजूद ग्राम प्रधानों व बीडीओ अपर्णा सैनी व एडीओ पंचायत संतोष कुमार शुक्ला के साथ ग्राम प्रधानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वातालाॅप करते हुए उसका त्वरित निस्तारण किया और भविष्य में इस तरह की समस्या की पुनरावृत्ति न आने की हिदायत दिया। बता दे कि विगत दिनों ग्राम प्रधानों ने बीडीओं कालाकांकर के खिलाफ विकास कार्यो में कमीशन बाजी को लेकर मानसिक शोषण उत्पीड़न का आरोप लगाते हुये डीएम सहित अन्य अधिकारियों को शिकायत पत्र दिया था।

# रज्जू भैया विश्वविद्यालय की परीक्षाएं समाप्त

## अंतिम दिन पर्यावरण परीक्षा में 80 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



पर्यावरण परीक्षा का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की स्नातक पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षाएं पर्यावरण अध्ययन अनिवार्य प्रश्न पत्र के साथ आज समाप्त हो गईं। स्नातक द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के छात्र- छात्राओं के लिए अनिवार्य प्रश्न पत्र पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई।

यह प्रश्न पत्र द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य था इसलिए बड़ी संख्या में परीक्षार्थी इसमें शामिल हुए। एमडी पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में सुचारू रूप से परीक्षा संपन्न हुई। प्राचार्य के साथ आंतरिक सचल दल लगातार परीक्षार्थियों की निगरानी करता रहा। महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि आज की परीक्षा में 1685 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 1605 ने परीक्षा दी तथा 80 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा केवल प्रथम पाली में हुई।

### प्रवेश के नियमों में विश्वविद्यालय ने किया बदलाव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय ने स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के समय ही वेब पंजीकरण तत्काल करना अनिवार्य कर दिया है।

इससे अब महाविद्यालयों की मनमानी नहीं चल सकेगी। स्नातक कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश एवं वेब पंजीकरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट 25 जून से खोल दी गई है। महाविद्यालयों द्वारा 20 जुलाई तक प्रवेश व ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकेगा। ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन पत्रों में एक माह तक आंशिक संशोधन किया जा सकेगा। एमडीपीजी कॉलेज के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि महाविद्यालयों को स्नातक में प्रवेश के समय ही वेब पंजीकरण करना विश्वविद्यालय द्वारा अनिवार्य कर दिया गया है। प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय ने भी नए सत्र से स्नातक कक्षाओं में सेमेस्टर प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है और इसी आधार पर नए सत्र में प्रवेश भी लिया जाएगा। गत वर्ष की वार्षिक प्रणाली के विद्यार्थियों के लिए भी सत्र 2022- 23 में सेमेस्टर प्रणाली लागू होगी।

# जंगली बबूल पेड़ कटवाये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## प्रतिदिन हो रही दुर्घटना ग्रामीणों ने जताया विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रंतापगढ़।** सड़क के किनारे बबूल के पेड़ के लटकने से राहगीरों और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से आजिज आकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर आक्रोश जताया है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना क्षेत्र के शीतला गंज से उड़ाईयाडीह जाने वाली सड़क के दोनों किनारे जंगली बबूल के पेड़ लटकने से जानलेवा साबित हो रहा है। 2 दिन में जंगली बबूल का पेड लटकने की वजह से कई दुर्घटना हो चुकी है। शनिवार की देर शाम दीवानगंज बाजार से सामान लेकर वापस लौट रहा सुधाकर त्रिपाठी 17 वर्ष पुत्र रामचंद्र प्रशांत तिवारी पुत्र रमेश तिवारी रामनिवास जयसवाल जंगली पेड़ की वजह से दुर्घटना में घायल हो गए। दोनों को युवकों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जगदीशगढ़ चैराहे से लेकर करनपुर खूझी गांव के दोनों किनारे जंगली बबूल का पेड़ लटक रहा है। अंधा मोड़ होने पर दोनों तरफ से दिखाई ना देने की वजह से बाइक और चार पहिया वाहनों में प्रतिदिन टक्कर हो रही है। राहगीर घायल होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। शनिवार व सोमवार को साप्ताहिक मेला बाबा बेलखरनाथ धाम में रहता है इसी सड़क से हजारों दर्शनार्थी होकर जाते हैं। लोक निर्माण विभाग वन विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग के क्षेत्रीय संबंधित दरोगा से कहा गया लेकिन महीनों के बाद भी जंगली पेड़ कांटा नहीं गया। गांव के अमरनाथ तिवारी रमेश चंद तिवारी रामचंद्र तिवारी राजेश कुमार जयप्रकाश तिवारी शिवम तिवारी बीडीसी विनोद कुमार रमेश तिवारी उर्फ बब्लू सहित तमाम ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए लोक निर्माण विभाग तथा वन विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क के किनारे लटक रहा जंगली बबूल का पेड हटाने की मांग की है।



पेड़ कटवाये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गम्भीर धाराओं में केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ पीड़ित की घर में घुसकर पिटाई तथा हत्या के प्रयास व तोड़फोड़ समेत कई गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। नगर पंचायत के पूरे स्वामी शीतलमऊ निवासी राजकुमार मिश्र पुत्र रमाकांत ने दी गयी तहरीर में कहा है कि पच्चीस जून को दिन में तीन बजे विपक्षी गांव के संतोष शुक्ल पुत्र राजनारायण शुक्ल तथा शुभम शुक्ल पुत्र संतोष ने पीड़ित के घर हमला बोल दिया। आरोपियों ने परिवार के सदस्यों तथा पीड़ित को लाठी डंडे व कुल्हाडी से मारापीटा हमले में पीड़ित के भाई आशीष को जांनलेवा चोटे आ गयी है। पास पड़ोस के लोगों के जुटने पर आरोपी गाली देते हुए जांनलेवा धमकी देते मौके से फरार हो गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिव बालक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिव बालक राम पासी को उनके 35वें पुण्य स्मृति पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर ग्राम सभा पूरे महिमा गोबरी में स्थित उनके पावन समाधि स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे कृतज्ञ ग्राम वासियों सहित अन्य लोग ग्राम प्रधान संदीप सिंह के नेतृत्व में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी पावन पुण्य स्मृतियों को याद कर उनके नाम से गाँव एक कॉलेज के निर्माण की मांग की। इस अवसर पर उनकी पुत्री लीलावती ने कहा कि बाबूजी का सारा जीवन त्याग, बलिदान व राष्ट्र प्रेम के आदर्शों से भरा रहा। उनके इन्हीं बताये गए आदर्शों पर यह परिवार व गांव चलने के लिए संकल्पित है। अनूप कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विजय सरोज, स्वतंत्र कुमार, रामदेव सरोज, जवाहिर कोरी, मुन्ना कनौजिया, राम प्यारी, उर्मिला, विद्यात्तमा, नन्हे, गुड्डू आदि उपस्थित रहे।



स्वंतत्रता संग्राम सेनानी की समाधि पर श्रद्धांजलि सभा करते ग्रामवासी

### तीन आरोपियों के खिलाफ महिला की पिटाई का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ महिला की पिटाई को लेकर केस दर्ज किया है। कोतवाली के अगई निवासी गणेश प्रसाद की पत्नी कमला देवी ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती चैबीस जून को गांव के राजेश पुत्र रामकृपाल, शिव लाल पुत्र ननकऊ तथा राजेश की पत्नी रेहूआइन ने बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर उसे लाठी डंडे से मारापीटा।

### अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य के निधन पर शोक

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य शफीक अहमद सिद्दीकी का आज निधन हो गया। दिवंगत शफीक ने नगर के राजकीय इंटर कालेज में रसायन विज्ञान प्रवक्ता के रुप में अपनी सेवा शुरू किये थे। बाद में उनका प्रमोशन प्रधानाचार्य के पद पर हो गया था और वह फिर प्रधानाचार्य के रुप में प्रतापगढ़ आए थे और यहीं से अवकाश प्राप्त हो गये। इस समय वह प्रयागराज के करेली में रहते थे। आज उनका हृदय गति रुकने से देहावसान हो गया। इसकी खबर सुनते ही राजकीय इंटर कालेज के पुराने लोगों तथा उनके विद्यार्थियों में शोक की लहर हो गई। उनके साथ कार्य करने वाले तथा अवकाश प्राप्त नगर शिक्षा अधिकारी श्रीराम मिश्र ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शफीक अहमद अच्छे शिक्षक के साथ अच्छे इंसान भी थे। उनके निधन पर गहरा धक्का लगा है।

# नशामुक्ति दिवस पर पुलिस कर्मियों ने ली शपथ

## पट्टी कोतवाल नन्दलाल सिंह ने दिलाई नशा नही करने की शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रविवार को नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर पट्टी कोतवाली परिसर में पुलिस कर्मियों ने एक साथ संयुक्त रूप से नशा न करने का तथा लोगों को इससे दूर कराने का शपथ लिया। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने शपथ लेकर लोगों नशा न करने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया।

रविवार को नशा मुक्त दिवस के अवसर पर प्रतापगढ़ जिला अधिकारी ने शराब और भांग की दुकानों को जनपद में बंद करने का आदेश दिया है। वहीं पट्टी कोतवाली पुलिस ने नशा न करने के अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई। पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह ने पट्टी में तैनात पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाया कि मादक पदार्थों का सेवन ना तो खुद करने तथा ना किसी को करने देने का शपथ दिलवाई। इस दौरान पट्टी कोतवाल ने कहा कि नशा करने से जहां समाज में तमाम प्रकार की विसंगतियां होती हैं, और समाज और परिवार को काफी नुकसान होता है। पट्टी में आयोजित नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम में पट्टी कोतवाली में तैनात सभी पुलिसकर्मी के अलावा पुलिस चैकियों के यस आई और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस दौरान शपथ लेते समय यस आई राधेश्याम सिंह, यस आई अजीत सिंहज सचिन सिंह इंद्रजीत कुमार, विनोद कुमार, वारिज अरविंद सिंह, यज्ञ नारायण, मुकेश त्रिपाठी ,विकेश मिश्रा, अमित सिंह, दिलीप सिंह सहित दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### धमकी व तोड़फोड़ को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ महिला की घर में घुसकर पिटाई तथा तोड़फोड़ व धारदार हथियार से चुटहिल किये जाने को लेकर केस दर्ज किया है। कोतवाली के तेलियाही निवासी स्व0 छोटे लाल की विधवा सोना देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह जून को नौ बजे रात गांव के राजू के पुत्र कुरशीद ने उसके घर पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। आरोपी ने धारदार हथियार से हमला करते हुए पीड़िता के दाहिने हाथ को तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपी गाली देते हुए जांनलेवा धमकी देने लगे।

# विद्यालयों से सम्बन्धित अभिलेखों का विवरण तैयार रखें प्रधानाचार्यः डीआईओएस

## डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों की ली बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सर्वदा नंद की अध्यक्षता में जिले के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और वित्त विहीन मान्यता प्राप्त के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की एक आवश्यक बैठक शासन द्वारा विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए संचालित योजनाओं के अभिमुखीकरण के लिए की गई।

बैठक का संयोजन प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह, स्टेनो अखिलेश भारती, राजेश कुमार पाल, अभिषेक मिश्रा आदि द्वारा किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि कि समस्त प्रधानाचार्य शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें और समस्त स्टाफ, विद्यार्थियों और अभिभावकों को योजनाओं के बारे में बताएं और पात्रों को लाभान्वित करने के लिए विशेष रूप से कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करें। सभी प्रधानाचार्य विद्यालयों से संबंधित समस्त योजनाओं का विवरण, लाभार्थियों का विवरण तैयार रखें। इस अवसर पर राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह,राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ की प्रधानाचार्या गरिमा श्रीवास्तव व डॉ मो अनीस, राजकीय बा इंटर कालेजपट्टी में प्रधानाचार्य कंचन मिश्रा के प्रतिनिधि ,राजकीय उमावि पुरैला की प्रधानाचार्य गीता यादव,राजकीय उ मा वि कुकुआर की प्रधानाचार्य उर्मिला वर्मा,राजकीय उमावि सुल्तानपुर गौरा के प्रधानाचार्य पीपी यादव,पंडीडीजीएम इंटर कालेज कुराडीह के प्रधानाचार्य एलबी यादव, राजकीय उ मा वि नई कोट गौरा की प्रधानाचार्य ऊष्मा यादव,राजकीय उमावि दमदम की प्रधानाचार्य सीमा मिश्रा,आरबीपीएस इंटर कालेज बीरापुर के प्रधानाचार्य आरएन मिश्रा, स्वामी करपात्री इंटर कालेज रानीगंज के प्रधानाचार्य डॉ प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।.संयोजक प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष मिश्र ने किया।



प्रधानाचार्यों की बैठक में बोलते अतिथिगण।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को डिप्टी सीएम ने वितरित किया चेक, टूलकिट एवं प्रमाण पत्र

**उप मुख्यमंत्री ने महापुरूषों के मूर्ति पर किया माल्यार्पण, पीएम नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार किसानों, गरीबों, महिलाओं एवं मजदूरों के कल्याण के लिए समर्पित,महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत अवसर उपलब्ध कराया जाय तथा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाय**



महात्मा बुद्ध की मूर्ति पर माल्यार्पण करते डिप्टी सीएम



उपकरण व प्रमाण पत्र वितरण करते डिप्टी सीएम



अधिकारियों के साथ बैठक करते डिप्टी सीएम

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज मॉ शीतला देवी अतिथिगृह, सयांरा परिसर में स्थापित महापुरूषों-चक्रवर्ती सम्राट अशोक, तथागत भगवान गौतम बुद्ध, बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर, सरदार बल्लभभाई पटेल एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन किया उप मुख्यमंत्री ने मॉ शीतला देवी अतिथिगृह, सयांरा परिसर में आयोजित जन कल्याणकारी लाभा र्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, टूलकिट एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया तथा उप मुख्यमंत्री ने मॉ शीतला देवी अतिथिगृह परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित लगायी गयी स्टालों की प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ एवं अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न लाभार्थियों को ई-रिक्शा का भी वितरण किया।

उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कुल 100 एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 50 तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के कुल 50 लाभार्थियों को आवास की चाभी वितरित किया गया। इसी प्रकार माटीकला टूलकिट वितरण के 10 लाभार्थियों को विद्युत चाक, पी0एम0ई0जी0पी0 योजना के लाभार्थियों को चेक एवं ऋण स्वीकृत प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवक/युवतियों को टेलरिंग शॉप योजनान्तर्गत 32 लाभार्थियों को सिलाई मशीन, अनुसूचित जाति सब प्लॉन स्वरोजगार योजनान्तर्गत स्वयं की भूमि पर दुकान निर्माण हेतु 03 लाभार्थियां को ऋण स्वीकृत प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना के लाभार्थियों को चेक, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत चयनित 10 लाभार्थियां को प्रमाण-पत्र, ओ0डी0ओ0पी0 प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अन्तर्गत चयनित 10 लाभार्थियां को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार किसानों, गरीबों, महिलाओं एवं मजदूरों के कल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबी का जीवन जिया एवं गरीबी को महसूस किया है, इसलिए उन्होंने गरीबी को दूर करने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनायें संचालित कर गरीबी को दूर करने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि डबल इन्जन की सरकार युवाओं को रोजगार एवं महिलाओं को सशक्तिकरण करने का कार्य कर रहीं हैं। उन्होनें कहा कि आज विभिन्न योजनाओं के तहत वितरित किये गये चेक एवं ऋण स्वीकृत प्रमाण पत्र प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत बनाने के आवाह्न का ही हिस्सा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत अवसर उपलब्ध कराया जाय तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राशन की दुकानों का संचालन किया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं प्राप्त हो रहीं है। गरीब कल्याण योजना के तहत गरीबों को फ्री में राशन दिया जा रहा है, यह सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार है। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 में लगभग 43 लाख गरीबों को आवास की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। आयुष्मान योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाया जा रहा है, उन्होंने सभी पात्र लोगों से गोल्डेन कार्ड बनवाने का आवाह्न किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जनपद में 75 तालाबों का निर्माण कराया जा रहा है। आगामी दिनां में प्रत्येक गांव में 02 अमृत सरोवर बनाये जायेंगे। उन्होंने आमजन से आवाहन किया कि तालाबों, नदी एवं पेड़ पौधों का संरक्षण करें, जिससे वातावरण स्वच्छ एवं पर्यावरण संतुलित हो सकें तथा आगामी पीढ़ी को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि विशेष अभियान चलाकर ससुर खदेरी नदी को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद के अन्य सभी नदियों को भी पुनर्जीवित किया जाय तथा नदियों पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया जाय। उन्हांने कहा कि नदियों पर अगर किसी माफिया द्वारा कब्जा किया गया है तो बुल्डोजर की कार्यवाही की जाय तथा अगर गरीब व्यक्ति है तो उनकी व्यवस्था कर कार्यवाही किया जाय। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में 33 करोड़ वृक्षों का रोपण किया जायेंगा। जिससे आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बैंकिंग सखी व मनरेगा में महिला मेठ का कार्य एवं सामुदायिक शौचालयों का संचालन करने का कार्य किया जा रहा हैं। इसी प्रकार अन्य योजनाओं में भी महिलायें आगे बढ़कर कार्य कर रही हैं, यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहल है। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी के प्रत्येक ग्राम में और स्वयं सहायता समूह गठित की जायेंगी। प्रदेश में 10 लाख और नये स्वयं सहायता समूह गठित करने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक गॉवों में बारात घर के साथ ही आवश्यकतानुसार अन्त्येष्टि स्थल बनाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा गॉवों, नगर एवं ब्लॉकों का निरीक्षण किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि हम सब लोग मिलकर जनपद कौशाम्बी को आगे ले जाने का कार्य करें उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हम शहर को स्वच्छ बना सकते है तो गांव को भी स्वच्छ बना सकतें है तथा अगर शहर के विकास का मास्टर प्लॉन बन सकता है तो गांव के विकास का भी मास्टर प्लॉन बना सकते हैं कि आने वाले 50 वर्षों में गांव कैसा होगा। उन्हांने कहा कि हम सब मिलकर अपने गांव एवं आस-पास को स्वच्छ सुन्दर रखने में सहयोग करें, उन्होंने कहा कि सरकार की योजना समाज के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकती। उन्होंने व्यापारियों से आवाह्न किया कि वे स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किये जा रहें उत्पादों को अपने दुकान में बिक्री करें। उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉकों, सीएचसी एवं पी0एच0सी0 में स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों के बिक्री के लिए प्रेरणा केन्द्र नाम से स्टॉल बनाने के निर्देश दिये गये हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायकगण लाल बहादुर संजय गुप्ता एवं शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी, महामंत्री संजय जायसवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा एवं मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



नशा उन्मूलन की शपथ लेते पुलिसकर्मी

# परिवार व समाज को पतन की ओर ले जाता है नशा सेवन : एसपी

कौशाम्बी नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जिले के समस्त थाना परिसर में कर्मचारियों व पुलिसकर्मियों को नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गयी नशा उन्मूलन के प्रति जागरुक करते हुए कहा गया कि नशा सेवन मनुष्य के केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ही नहीं प्रभावित करता बल्कि समाज और परिवार को भी पतन की ओर ले जाता है इस मौके पर पुलिसकर्मियों ने कहा कि मादक द्रव्यों के सेवन से आम जनों को दूर रखने के लिए जन जागरण चलायेंगे। जिले के समस्त थानों में आयोजित नशा उन्मूलन कार्यक्रम में थाना अध्यक्षों ने पुलिसकर्मियों को मादक पदार्थ के दुरूपयोग रोकने संबंधित शपथ भी दिलायी और कहा गया कि नशा मुक्त समाज बनाने में सभी वर्ग के लोगों की जिम्मेदारी अहम हो जाती है।

**पुलिसकर्मियों को नशा से दूर रहने की दिलाई गई शपथ**

इस दौरान नशा मुक्त समाज बनाने के लिए सभी से सहयोग देने की भी अपील की नशा का सेवन मजदूरों, गरीबों, युवाओं का सबसे बड़ा शत्रु है।प्रतिदिन दो सौ रुपये कमाने वाला मजदूर शराब पर प्रतिदिन 20 रुपये, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट पर प्रतिदिन 10 रुपये खर्च करता है। तीन-चार साल में गंभीर बीमारियों की चपेट में लोग आ जाते हैं। फेंफड़ों में टीबी, मुंह, गला, लीवर का कैंसर एवं पीलिया जैसी घातक बीमारियों हो जाती हैं। उसके इलाज पर लगभग सात से आठ लाख रूपया खर्च आता है और अंततः नशा करने वाले लोगों की दर्दनाक मौत हो जाती है परिवार को बचाना है समाज को बचाना है और अपने को बचाना है नशे से दूर रहना आवश्यक है।

## दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विकास कुमार पुत्र छेदी लाल सरोज निवासी लक्ष्मनापुर थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा दो अभियुक्तो सुनिल कुमार पासी उर्फ टुन्नू पुत्र हरजीवन निवासी रतगहा थाना चरवा को 500 ग्राम नाजायज गाजा व अभियुक्त रोहित कुमार पासी पुत्र रामचन्द्र निवासी रसगहा थाना चरवा को 400 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

## न्यूज झरोखा

### कार ने साइकिल सवार बालक को मारी टक्कर से बरलक गंभीर रूप से घायल, ग्रामीणों ने कार सवार की पिटाई



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवां पुलिस चौकी अंतर्गत टेवां बाजार में रविवार की सुबह 8:30 बजे साइकिल सवार बालक को कार सवार ने पीछे से टक्कर मार दिया जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया बालक के घायल होते ही आसपास के लोगों ने कार सवार को रोक लिया और कार सवार लोगों की जमकर पिटाई कर दी मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है और कार सवार को अपने कब्जे में ले लिया है कार सवार ने भी मारपीट करने वालों के विरुद्ध तहरीर दी है घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा पुलिस चौकी अंतर्गत गरौली गांव निवासी राजा उम्र लगभग 15 वर्ष पुत्र रोशनलाल साइकिल से किसी काम से टेवा बाजार गया हुआ था टेवा चौराहे के पास राजा की साइकिल में कार सवार ने पीछे से टक्कर मार दिया है जिससे राजा गंभीर रूप से घायल हो गया है बालक को घायल देखकर आसपास के लोगों ने कार सवार को रोक लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी एंबुलेंस बुलाकर बालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार को अपने कब्जे में ले लिया है और भीड़ को डांट डपट कर दूर कर दिया है कार सवार अनिल कुमार पुत्र गोविंद निवासी जामो थाना जामो जिला अमेठी पत्नी पूनम वा बेटे अनुराग के साथ मारपीट किए जाने का आरोप ग्रामीणों पर कार सवार ने लगाया है।

### आकाशीय बिजली गिरी भैस की मौत

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर टप्पा मोड़ पर रहने वाली समा फिरदौस पत्नी करामत की भैंस शनिवार की शाम को घर के बाहर बंधी थी इसी बीच आकाशीय बिजली गिर गई जिसकी चपेट में भैंस आ गयी जिससे समा फिरदौस की भैंस झुलस गई है और उसकी भैस की मौत हो गई है भैंस की कीमत 40 हजार रुपए के आसपास बताई जाती है आकाशीय बिजली के गिरने से भैंस के मर जाने पर परिजनों को गहरा दुख है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 37 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से दो थाना पश्चिम शरीरा से बारह थाना महेवाघाट से तीन थाना कौशाम्बी से एक थाना सराय अकिल से एक थाना पिपरी से नौ थाना कोखराज से पांच थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से दो थाना कड़ाधाम से दो कुल 37 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अनुज यादव पुत्र राम नरेश यादव निवासी सेवथा थाना पिपरी को एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है

### वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**कौशाम्बी।** थाना पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त राम नरेश पुत्र गप्पू दास निवासी अरखा मजरा सिंगल थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्ता अल्का उर्फ पूजा पुत्री हरिचन्द्र निवासी उदहिन खुर्द थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# लेखपाल संघ चुनाव : महिला जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों का लगा तांता

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** तीन दिन पहले लेखपाल संघ के चुनाव में साधना सिंह जिला अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुई उत्तर प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब लेखपाल संघ के चुनाव में किसी महिला को जिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होकर प्रतिनिधित्व करने का मौका लेखपालों ने दिया हो साधना सिंह के जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद सिराथू तहसील प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर माल्यार्पण कर साधना सिंह का जोरदार स्वागत किया गया लेकिन उसके बाद लगातार तीन दिनों से साधना सिंह को बधाई देने वालों का लंबा ताता लगा हुआ है जिले के लेखपालों के साथ-साथ अन्य जनपदों के लेखपालों ने भी साधना सिंह को जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष साधना सिंह ने कहा कि वह संगठन की मजबूती के लिए हमेशा तत्पर हैं और संगठन के सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए वह संघर्ष करने को तैयार हैं उन्होंने कहा कि संगठन के सदस्यों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संघर्ष किया जाएगा।



नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष साधना सिंह

## साइबर ठगी के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस साइबर सेल सर्विलांस सेल व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा आईटी एक्ट से सम्बन्धित दो वाछित अभियुक्त प्रशान्त मिश्रा पुत्र कौशल किशोर मिश्रा निवासी वार्ड न० 05 देवरी थाना बारहरा जनपद कोनीर्या बिहार व मो0 आरिफ खान पुत्र कमाल खान निवासी मनिऔरी थाना मेहुरा जनपद शेखपुरा बिहार को मंझनपुर न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि अलग अलग लाभार्थी अन्य स्कीमो योजनाओं में रजिस्ट्रेशन करने के नाम पर अपना नम्बर उसमें डाल देते है और जब हमसे कोई फ्रेंचाईजी लेने के लिये सम्पर्क करता या रजिस्ट्रेशन करता है तो हम लोगो द्वारा अपनी बातों में उलझा कर अलग अलग फीस जमा करने के नाम पर धन उगाही करते हैं और जब तक लोग पैसे देते रहते हैं उनसे बात करते रहते हैं। जब लोगो को हमारे पणयंत्र के बारे में पता चल जाता है तो उनका फोन रिसीव करना बन्द कर देते है व सिम को कुछ दिनो बाद तोड़कर फेंक देते हैं। अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# सियासी राजनीति कर योगी सरकार का एक सिपाही खाकी वर्दी को कर रहा है शर्मसार

**कानपुर में तैनात सिपाही प्रेमिका को मोहरा बनाकर आखिर कौशांबी पुलिस वर्दी को शर्मसार करने पर क्यों है उतारू**

**कौशाम्बी।** कानपुर जिले के एक थाने में तैनात एक सिपाही ने कौशांबी थाने में तैनाती के दौरान एक बालिका का धर्म परिवर्तन करा कर उससे शादी कर ली थी लव जिहाद करने वाले सिपाही की यह पत्नी इलाके में आतंक का पर्याय बनी हुई है बीते दिनों बैंकिंग सेंटर पर उत्पात मचाकर सेंटर के कंप्यूटर प्रिंटर आदि सामानों को तोड़फोड़ करने के आरोप में कौशांबी थाने की पुलिस ने सिपाही की पत्नी पर मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार करके शांति भंग में जेल भेज दिया है सिपाही के लव जिहाद की शिकार महिला जैसे ही जमानत पर छूट कर बाहर आई उसने कौशांबी थाना पुलिस पर मनगढ़ंत गंभीर आरोप लगाना शुरू कर दिया है बताया जाता है कि अपने प्रेमी सिपाही को भी झांसे में फंसा कर लगातार धना दोहन कर रही है कानपुर में तैनात उसका प्रेमी सिपाही महिला को मोहरा बनाकर कौशांबी थाने की पुलिस पर झूठे आरोप लगाने का उसे प्रोत्साहन दे रहा है उत्पात मचाने वाली महिला को छुड़ाने का भरसक प्रयास कानपुर में तैनात सिपाही ने किया था लेकिन कौशांबी थाने की पुलिस ने कानपुर में तैनात सिपाही की बात मानने से इंकार कर दिया जिससे कानपुर में तैनात सिपाही भी कौशांबी थाने की पुलिस को सबक सिखाने की ठान रखा है आखिर कानपुर में तैनात सिपाही कौशांबी पुलिस वर्दी को शर्मसार करने पर क्यों उतारू है कानपुर में तैनात सिपाही के कारनामे से कौशांबी पुलिस की छवि धूमिल हो रही है यह गंभीर मामला है और कानपुर में तैनात सिपाही के कारनामे को संज्ञान लेते हुए उसके लव जिहाद के मामले की जांच कराते हुए और प्रेमी से माशूका बनी महिला के उत्पात मचाने आला अधिकारियों को झूठे प्रार्थना पत्र देकर कौशाम्बी थाने के सिपाहियों पर मनगढ़ंत आरोप लगाने के मामले की जांच कराते हुए महिला और उसके प्रेमी सिपाही के कारनामों को बेनकाब करने की जरूरत है इसी महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को गुमराह कर कौशाम्बी थानेदार को फटकार दिलाने में सफलता प्राप्त कर ली है जिससे महिला और उसके प्रेमी सिपाही का मनोबल बढ़ा हुआ है।

# कत्लखाने बने गौ संरक्षण केंद्र गौवंशो की दुर्दशा का आखिर जिम्मेदार कौन!

**सुशील केशरवानी**

**समय से नहीं मिलता दाना भूसा चारा बीमार पशुओं का नही होता इलाज तमाम गौ संरक्षण केंद्र में पशुओं के लेखा-जोखा का रजिस्टर नहीं है मौजूद**

**कौशाम्बी।** कत्लखाने में पशुओं की मौत को रोकने के लिए गौ संरक्षण केंद्र योगी सरकार द्वारा गांव कस्बे में खोले गए हैं लेकिन कत्लखाने की तरह पशुओं की मौत गौसंरक्षण केंद्र में हो रही है आखिर गौसंरक्षण केंद्र की दुर्दशा का जिम्मेदार कौन है योजना के संचालन में लगे अधिकारी केवल फोटो खींचा कर शासन को रिपोर्ट भेजने तक सीमित है कौशांबी जिले के किसी भी गौ संरक्षण केंद्र की बदतर हालत में काफी प्रयास के बाद सुधार होता नहीं दिख रहा है जबकि गौसंरक्षण केंद्र में पशुओं की देखरेख के लिए कौशांबी जिले में करोड़ों के बजट सरकारी खजाने से खर्च किया जा रहा है जिले के अधिकारियों के पास भी गौ संरक्षण केंद्र में पशुओं के आंकड़े अलग-अलग विस्तार से उपलब्ध नहीं है गौ संरक्षण केंद्र में पशु बीमार हो रहे हैं जिनका इलाज नहीं हो पाता है आए दिन गौ संरक्षण केंद्र में पशु की मौत होती है केवल अभिलेखों में पशुओं का इलाज कर पशुओं की दवाओं को चिकित्सक बेच रहे हैं। नगर पालिका नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के जिम्मेदारों के पशु चिकित्सा अधिकारियों से सांठगांठ के बाद गौ संरक्षण केंद्र कत्लखाने बन गए हैं रोज पशुओं की मौत हो रही है पशुओं को भरपेट चारा पानी नहीं मिलता तमाम पशु भूखे तड़प रहे हैं गौ संरक्षण केंद्र में पहुंचने के बाद पशु दिन प्रतिदिन कमजोर और बीमार होते हैं वहीं बीमार पशुओं को पशु चिकित्सा अधिकारी इलाज कर उनका स्वास्थ्य बेहतर करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं जिससे पशुओं की मौत हो रही है पशु चिकित्सा अधिकारी और गौ संरक्षण केंद्र के जिम्मेदारों की सांठगांठ से गौ संरक्षण केंद्र कत्लखाने बन गए हैं तमाम शिकायतों के बाद भी आला अधिकारी गौसंरक्षण केंद्र की बदहाली को ठीक करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं नगर पालिका नगर पंचायत से लेकर ग्राम पंचायतों के गौ संरक्षण केंद्र की स्थिति बदतर है पशुओ को टैगिंग कर उनके आंकड़ों को रखने का प्रयास नहीं किया गया है पशुओं की मौत के बाद जमीन खोदकर उन्हें दफन कर दिया जा रहा है तमाम केंद्रों में मृत पशुओं के शव को कुत्ते और कौवे नोच रहे हैं गौ संरक्षण केंद्र में मौजूद पशुओं और मृतक पशुओं के आंकड़े के रजिस्टर नहीं बनाए गए हैं कितने पशु की मौत हुई है और कितने पशु किस तारीख को केंद्र में आए हैं इनका तारीख वार विवरण केंद्र से लेकर जिले तक में मौजूद नहीं है जिससे केंद्र प्रभारियों की नियति का अंदाजा लगाया जा सकता है लेकिन केंद्रों में पशुओं का लेखा-जोखा ना मौजूद होने के मामले में अधिकारी गंभीर नहीं है गौ संरक्षण केंद्र के कत्लखाने बन जाने के मामले में योगी सरकार को मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कठोर कार्यवाही करते हुए स्थितियों में सुधार किए जाने की जरूरत है।

# सिपाही करे लव जिहाद तो वाह-वाह आम जनता करे तो जेल!

**अखंड भारत संदेश**

**योगी के कानून बनाने के बाद कौशांबी थाने के एक सिपाही ने महिला का धर्म परिवर्तन कराकर किया निकाह**

**3 वर्ष बीते सिपाही पर मुकदमा दर्ज कराकर अभी तक उसे नहीं किया गया नौकरी से बर्खास्त**

**कौशाम्बी।** सरकार के बनाए गए कानून पर पुलिस विभाग दोहरी चाल चल रहा है अपराध को अंजाम देने के बाद आम जनता को जेल भेजने वाली पुलिस महकमे के लोगों के अपराध में शामिल होने पर नाम आने के बाद कार्यवाही करने वाले जिम्मेदार कांप उठते हैं इसी तरह का एक लव जिहाद से जुड़ा मामला कौशांबी थाने में तैनात सिपाही का सुर्खियों में है लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी लव जिहाद करने वाले सिपाही पर मुकदमा दर्ज करा कर अभी तक उसे बर्खास्त नहीं किया गया है वर्तमान में यह सिपाही कौशांबी से ट्रांसफर होकर दूसरे जनपद में नौकरी कर रहा है।

3 दिन पहले कौशांबी थाना क्षेत्र के विजिया चौराहे पर बैंकिंग सेंटर पर उपद्रव मचाने वाली जिन महिलाओं को कौशांबी थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा है उन्हीं में एक महिला लव जिहाद की शिकार हुई है 3 वर्षों पूर्व कौशांबी थाने में तैनात एक सिपाही ने क्षेत्र के एक गांव की बालिका को अपने प्रेम जाल में फंसाया और बालिका से उसने धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर लिया निकाह के बाद वर्षों तक सिपाही अपनी प्रेमिका से महबूबा बनी युवती के साथ कौशांबी में रहकर नौकरी कर रहा था लेकिन विभाग के अधिकारियों की नजर लव जिहाद करने वाले सिपाही पर नहीं पड़ सकी लव जिहाद करने वाले सिपाही का स्थानांतरण बीते वर्ष गैर जनपद कर दिया है लव जिहाद की शिकार बालिका को लेकर सिपाही दूसरे जिले में चला गया है जहां पुलिस विभाग में वह नौकरी कर रहा है लव जिहाद करने वाले सिपाही के कारनामे को संज्ञान लेकर जांच कराए जाने और उस पर मुकदमा दर्ज करा कर पुलिस के कानून का उल्लंघन करने के आरोप में उसे बर्खास्त किए जाने की जरूरत है लेकिन लव जिहाद के अपराध में सिपाही का नाम आते ही पुलिस विभाग की जांच की रफ्तार कम हो जाती है जिससे सिपाही दंड पाने से बच जाता है इलाके के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लव जिहाद करने वाले सिपाही पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

## Long COVID in Kids: 0-14 साल के बच्चों में दो महीने तक रह सकते हैं कोविड के ये लक्षण, स्टडी में खुलासा



भारत समेत पूरी दुनिया में कोरोना से जंग अब भी जारी है। दुनियाभर में लाखों लोग कोरोना महामारी से ठीक होने के बाद लॉन्ग कोविड के लक्षणों का सामना कर रहे हैं। कोरोना से रिकवरी होने के बाद भी कई दिनों तक थकान, कमजोरी, भूख न लगना जैसे लक्षणों को लॉन्ग कोविड इंफेक्शन (Long Covid Infection) माना गया है। लॉन्ग कोविड के लक्षण अब तक सिर्फ व्यस्कों में देखे गए थे, लेकिन अब बच्चों में भी लॉन्ग कोविड-19 के मामले देखने को मिल रहे हैं। हालही में हुई एक स्टडी में इस बात का खुलासा हुआ है। द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, SARS-CoV-2 वायरस (कोविड-19 वायरस) से संक्रमित बच्चे कम से कम दो महीने तक लॉन्ग कोविड के लक्षणों (Long Covid Infection in Kids) का सामना कर सकते हैं।

डेनमार्क में हुई इस स्टडी में कोरोना से रिकवर होने वाले 0 से 14 वर्ष के बच्चों को शामिल किया गया था। स्टडी के दौरान शोधकर्ताओं ने पाया कि कोविड से ठीक होने के बाद लगभग 46 प्रतिशत बच्चों में 2 महीने तक कोरोना के लक्षण देखे गए। इस दौरान शोधकर्ताओं ने बच्चों के कोविड लक्षणों, खान पान और भी कई तरह की एक्टिविटी पर ध्यान दिया।शोध में पाया गया कि बच्चे संक्रमण से ठीक होने के बाद भी लॉन्ग कोविड की समस्याओं से 2 महीने तक पीड़ित रह सकते हैं। स्टडी के दौरान 0-3 वर्ष के आयु वर्ग में 40 फीसदी बच्चों में कोविड-19 (1,194 बच्चों में से 478) का निदान किया गया, उन्होंने दो महीने से अधिक समय तक कोरोना के लक्षणों का अनुभव किया था, जबकि 4-11 आयु वर्ग में, यह अनुपात 38 फीसदी था। बात अगर 2-14 आयु वर्ग के बच्चों का करें तो उनमें यह अनुपात 46त्न फीसदी रहा।

**लॉन्ग कोविड में बच्चों में दिखाई दिए ये लक्षण**

रिसर्च के दौरान शोधकर्ताओं ने पाया कि 0-3 वर्ष के बच्चों में पेट दर्द, मूड स्विंग्स, शरीर पर लाल चकत्ते और रैशेज जैसे लक्षण देखे गए। 4 से 11 वर्ष के बच्चों में लॉन्ग कोविड के लक्षणों में ध्यान की कमी, थकान, मूड स्विंग्स शामिल थें। वहीं, 12 से 14 साल के बच्चों में मूड स्विंग्स, याददाश्त कम होना, थकान, कमजोरी जैसे लक्षण पाए गए।

**क्या था इस स्टडी का मकसद**

द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस स्टडी का मुख्य उद्देश्य कोरोने से ठीक होने के बाद बच्चों के जीवन की गुणवत्ता, स्कूल, डे केयर और दिनभर में हो रही एक्टिविटी की आकलन करना था। इस स्टडी के बारे में बात करते हुए डेनमार्क के कोपेनहेगन यूनिवर्सिटी अस्पताल (Copenhagen University Hospital) के प्रोफेसर सेलिना किकेनबोर्ग ने कहा कि सभी बच्चों पर कोरोना महामारी किस तरह से प्रभाव डाल रही है इस पर अध्ययन करना बहुत जरूरी है।

# जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन सभी दुष्प्रचारों की हवा निकाल देगा



कश्मीर को लेकर फैलाये जाने वाले दुष्प्रचार का वैसे तो भारत हमेशा तगड़ा जवाब देता रहा है लेकिन अब कुछ ऐसा होने जा रहा है जिसके जरिये पूरी दुनिया जम्मू-कश्मीर के विकास और यहां के लोगों की भारत भक्ति को सीधे देख सकेगी। दरअसल दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के प्रभावशाली समूह जी-20 की बैठक जम्मू-कश्मीर में होने जा रही है जिसमें इन देशों के बड़े नेताओं समेत कई बड़ी राजनीतिक, कूटनीतिक और औद्योगिक हस्तियां शामिल होंगी। हम आपको बता दें कि मोदी सरकार द्वारा अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के तहत तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को प्राप्त विशेष दर्जे की समाप्ति और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों का स्वरूप दिये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाला यह पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन होगा। माना जा रहा है कि जी-20 सम्मेलन का आयोजन साल 2023 के अंत में जम्मू-कश्मीर में किया जायेगा। इसके लिए तैयारी भी शुरू कर दी गयी है। केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने बैठकों के समग्र समन्वय के लिए पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।

हम आपको बता दें कि जी-20 में भारत और यूरोपीय संघ समेत 20 देश शामिल हैं। भारत के खास मित्र देश अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, रूस और जापान तो जी-20 के सदस्य हैं ही साथ ही इस समूह के अन्य सदस्यों में चीन, अर्जेंटीना, ब्राजील, कनाडा, इंडोनेशिया, इटली, मेक्सिको, सउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया और तुर्की भी शामिल हैं। जी-20 सम्मेलन में जिन विषयों पर अक्सर चर्चा होती है उनमें आतंकवाद, आर्थिक चिंताएं, ग्लोबल वार्मिंग और स्वास्थ्य आदि प्रमुख रहते हैं। जब जम्मू-कश्मीर में दुनिया के 20 बड़े देश आतंकवाद पर चर्चा कर रहे होंगे तो निश्चित रूप से पाकिस्तान और उसके आका चीन को मिर्ची लगेगी। देखा जाये तो जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन का आयोजन भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है क्योंकि जी-20 में चीन और तुर्की भी शामिल हैं जोकि कश्मीर मुद्दे को लेकर हमेशा पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाते नजर आते हैं।

वैसे अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद विश्व जगत का यह पहला जम्मू-कश्मीर दौरा नहीं होगा। हम आपको याद दिला दें कि 5 अगस्त 2019 के भारत सरकार के फैसले के बाद जब पाकिस्तान ने दुनियाभर में रोना-पीटना शुरू किया था तब भारत ने कई विदेशी राजनयिकों और नेताओं को जम्मू-कश्मीर का दौरा करवा कर वहां की हकीकत दिखायी थी। भारत सरकार के इस कदम से पाकिस्तान के आरोपों की हवा निकल गयी थी। अब जब भारत में पहला जी-20 शिखर सम्मेलन होने जा रहा है तो उसके लिए आयोजन स्थल के रूप में जम्मू-कश्मीर का चयन दर्शाता है कि इस केंद्र शासित प्रदेश को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए मोदी सरकार कितना प्रयत्न कर रही है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर में जो निवेशक सम्मेलन आयोजित किया गया था उसने भी इस केंद्र शासित प्रदेश को औद्योगिक राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। अब जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन से पहले यहां बुनियादी ढांचे के और विकास तथा अन्य संबंधित परियोजनाएं मिलने से रोजगार भी बढ़ेगा और लोगों की सहुलियतें भी बढ़ेंगी।

जहां तक जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका की बात है तो आपको बता दें कि भारत 1999 में जी-20 की स्थापना के बाद से ही इसका सदस्य है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भारत एक दिसंबर 2022 से जी-20 की अध्यक्षता करेगा और 2023 में पहली बार जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा। माना जा रहा है कि अध्यक्ष पद पर भारत के कार्यकाल का समापन इस शिखर सम्मेलन के साथ ही होगा।

जहां तक जी-20 सम्मेलन के भारत में आयोजन के संबंध में बनायी गयी समिति की बात है तो हम आपको बता दें कि एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव समिति के अध्यक्ष होंगे। यह समिति जी-20 बैठकों के समग्र समन्वय का काम करेगी। समिति के सदस्यों में आयुक्त सचिव (परिवहन), प्रशासनिक सचिव (पर्यटन), प्रशासनिक सचिव (आतिथ्य एवं प्रोटोकॉल) और प्रशासनिक सचिव (संस्कृति) शामिल हैं। आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि इसके अलावा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में जी-20 बैठकों की व्यवस्था के समन्वय के लिए सरकार के प्रधान सचिव (आवास और शहरी विकास विभाग) को केंद्र शासित प्रदेश स्तर के नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

बहरहाल, जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन स्थल बनने से जम्मू-कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है। जो लोग भारत विरोधी एजेंडा चलाते हुए जम्मू-कश्मीर की स्थिति के बारे में दुष्प्रचार करते रहते हैं उनको इस केंद्र शासित प्रदेश में आयोजित होने वाला जी-20 सम्मेलन तो जवाब देगा ही साथ ही वैश्विक सम्मेलनों के केंद्र के रूप में भी जम्मू-कश्मीर उभर कर आयेगा। वैसे तो धरती पर स्वर्ग माने जाने वाले कश्मीर में दुनियाभर से पर्यटक आते हैं लेकिन जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन से केंद्र शासित प्रदेश के पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह भी संभव है कि भविष्य में ऐसे और सम्मेलनों की मेजबानी का सौभाग्य जम्मू-कश्मीर को लगातार मिलता रहे।

## सम्पादकीय

### मतलब कि खोदा पहाड़ और निकली चुहिया

मैं इस बिल का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मगर इस बिल में सरकार की तरफ से जो कदम उठाया गया है, उसका मैं सख्त विरोध करता हूं, क्योंकि मैं समझता हूं कि इस संशोधन के जरिये से जो हिस्सा निकाल दिया गया है, उससे इस बिल के दांत उखड़ गए हैं और यह बिल बिल्कुल बेजान हो गया है। हम यह समझते थे कि इस बिल के जरिये दलबदल रुक जाएंगे, टूट रुक जाएगी और हिन्दुस्तान में राजनीतिक पार्टियों के सुदृढ़ीकरण का सिलसिला शुरू हो जाएगा। मगर ऐसा लगा इस बिल से कि खोदा पहाड़ और निकली चुहिया। इस बेजान बिल से यह ठीक है कि कुछ शुरुआत हुई है, अच्छी शुरुआत हुई है।यह पहला कदम है और सही दिशा में है। हमें आशा करनी चाहिए कि यह अंतिम कदम नहीं होगा। कई चीजें इसमें कही गई हैं, जिनमें सुधार जरूरी है और आहिस्ता-आहिस्ता सुधार होगा। मैं यह सब इसलिए कह रहा हूं, हमारी पार्टी इस नीति पर इसलिए यह सोचती है कि हमारे जख्म बहुत ताजा हैं। हम अभी अपने घावों को सहला रहे हैं। हमारे माननीय दोस्त मधु दण्डवते जी और कुछ और लोग जो हैं, उनके जख्म पुराने हो गए हैं और उन्हें याद नहीं है कि किस तरह से वह टूट-फूट के शिकार हो गए थे। मगर आंध्र प्रदेश में हमें याद है, हमें किस मुसीबत से गुजरना पड़ा।... हमारी समझ में नहीं आता कि आप एक पार्टी की तरफ से चुने जाते हैं, यहां आ जाते हैं, बैठते हैं और पार्टी के खिलाफ काम करते हैं, मगर पार्टी में बने रहते हैं। निष्कासित होने के बावजूद लोगों को आजादी मिलती है कि एक दफा पार्टी की तरफ से चुन लिए जाते हैं, लेकिन पार्टी की फिक्र नहीं होती है। पार्टी का कोई काम नहीं करेंगे, अनुशासन नहीं मानेंगे और पार्टी का जब व्हिप जारी होता है, उसके खिलाफ काम करेंगे, लेकिन फिर भी वे सदस्य बने रहेंगे।... अपनी राजनीतिक पार्टी का जो अनुशासन होता है, उसको मानना हर एक के लिए जरूरी होता है। मैं मानता हूं कि पार्टी के खिलाफ जाकर फिर यहां मेंबर बने रहना, यह कोई उचित बात नहीं है। इसलिए मैं इसका विरोध करता हूं।इसी तरह से टूट की बात है। टूट में भी मैं समझता हूं कि टूट एक शोधित दल-बदल है। जब एक आदमी निकलता है, तो उसको कहेंगे दल-बदल और जब 40 लोग इकट्ठे होकर निकलते हैं, तो उसको टूट कहेंगे। इसका मतलब है आप 40 लोगों को लाइसेंस दे रहे हैं। मैं समझता हूं कि यह विभाजन और विलय का इतिहास है व इसमें विभाजन अधिक और विलय कम है।विलय तो थोड़ा हुआ, लेकिन हर बार पार्टी टूटी। जिस राजनीतिक पार्टी का मैं सदस्य था, 35 साल पहले उस पार्टी के तीन टुकड़े हो गए। वह पार्टी दूसरी पार्टी में मिल गई, फिर उस पार्टी के भी चार टुकड़े हो गए। हर पार्टी के एक-एक, दो-दो टुकड़े हो गए । पार्टी बनी टूटी और फिर टूटी, फिर बनी और फिर टूटी। यह टूटने और फिर विलय का सिलसिला काफी दर्दभरा रहा और हम कुछ नहीं कर पाए।हम देश में दो दलीय व्यवस्था विकसित नहीं कर पाए,... पार्टियां बनती गईं और बिगड़ती गईं। पार्टी बनाना तो आसान है, हाजी मस्तान जैसे लोग भी पार्टी बना देते हैं। एक आदमी रहेगा और पार्टी बन जाएगी। उसका एक घोषणापत्र भी होगा और बयान भी जारी होगा।...पार्टी बनाने के सिलसिले में कोई अनुशासन नहीं है।देश में पहली बार हम दल प्रणाली में अनुशासन कायम कर रहे हैं और आप वह चाहते नहीं हैं। आप यह चाहते हैं कि इस वक्त जो कुछ मिल रहा है, उससे हमें खुश होना चाहिए, किंतु जैसा कि मैंने कहा, यह एक सही दिशा में सही कदम है। मैं जानता हूं कि अलबर्ट आइंस्टीन ने कहा था कि हम जो भी कदम उठाते हैं, पिछले कदम का परिणाम होता है।अब तक जितने कदम आपने लिए, वे सब गलत लिए। अब कम से कम एक कदम तो सही पड़ा और मैं उम्मीद करता हूं कि दूसरे कई कदम अब सही आएंगे। जैसा राष्ट्रपति के अभिभाषण में भी कहा गया है कि चुनावी कानून संशोधित होगा और उसमें कई चीजें आ जाएंगी। मीडिया का इस्तेमाल (अभी) सिर्फ एक पार्टी करती है, सबको चांस (अवसर) मिलेगा।

# आपातकाल 47 वीं बरसी: रोंगटे खड़े करती है इमरजेंसी की याद

मुगलों के शासन में धार्मिक आधार पर प्रताड़ना और अंग्रेजों के शासन में शोषण को भूलकर भारत के लोगों को ढ़ाई दशक तक लोकतंत्र का जश्न मना लेने के बाद प्रताड़ना की पराकाष्ठा देखने को मिली। इसे यादकर आज भी लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। नई पीढ़ी को तो विश्वास ही नहीं होता है कि स्वतंत्र भारत में ऐसा हुआ होगा। लेकिन, यह सच्चाई है कि स्वतंत्र भारत में 1975 से 1977 तक जनता को सत्ता की ऐसी मदांधता झेलनी पड़ी थी कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के इतिहास में एक काला अध्याय लिखा गया। 26 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक की 21 महीने की अवधि, स्वतंत्र भारत के इतिहास के लिए यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को जेल में डालना, अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी, प्रेस को प्रतिबंधित करना लोकतंत्र के लिए सबसे शर्मनाक अवधि थी। संपूर्ण क्रांति के नायक लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इसे %भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि% की संज्ञा दी थी।

तत्कालीन कांग्रेसी सरकार के अलोकतांत्रिक गतिविधियों का विरोध करने के लिए राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं उसके अनुषांगिक संगठनों को प्रतिबंधित कर उसके स्वयंसेवकों को जो यातनाएं दी गई, उसे याद कर लोग आज भी अचंभित होते हैं। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आए जनसंघ को सबसे अधिक यातनाएं झेलनी पड़ी। इसके एक लाख से अधिक सदस्यों को गिफ्तार कर लिया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर दमनात्मक कार्यवाही के पीछे सबसे बड़ा कारण यह था कि इसका बड़ा संगठनात्मक आधार सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करने की शक्ति रखता था। इसलिए पुलिस इस संगठन पर टूट पड़ी थी। उसके हजारों कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक श्री बाला साहेब देवरस को पूना के यरवदा जेल में बंद रखा गया। संघ ने भी लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबंध को चुनौती दी। लाखों स्वयंसेवकों ने प्रतिबंध के खिलाफ और मौलिक अधिकारों के हनन के खिलाफ शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन में भाग लिया। उदाहरण के तौर पर बुन्देलखंड क्षेत्र में संघ के प्रथम पीढ़ी के स्वयं सेवक, शिक्षाविद और समाजसेवी पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दा जी के खिलाफ दो-दो प्रदेश से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। इस दौरान उन्हें डेढ़ साल तक भूमिगत रहना पड़ा।

केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार की तानाशाही ऐसी थी कि सभी विपक्षी दलों के नेताओं और सरकार के आलोचकों के गिरफ्तार करने और सलाखों के पीछे भेजने के बाद पूरा देश अचंभित होने की स्थिति में आ गया था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नानाजी देशमुख, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाल आपटे, अरुण जेटली समेत विपक्ष के तमाम नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। देश के हर क्षेत्र में यह तांडव चला। इस तरह देश के सभी राज्यों में केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ आंदोलन मुखर होता गया। राज्य की विधानसभाओं से विपक्षी विधायकों ने इस्तीफा देना शुरू किया।




वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी की जीत को इलाहाबाद हाईकोर्ट में उनके प्रतिद्वंद्वी राजनारायण द्वारा दी गई चुनौती के बाद से देश में राजनीतिक उथल पुथल का दौर शुरू हुआ। याचिका में राजनारायण ने इंदिरा गांधी पर सरकारी मशीनरी और संसाधनों के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में माना कि इंदिरा गांधी ने सरकारी मशीनरी और संसाधनों का दुरुपयोग किया। इसलिए उनका सांसद चुना जाना अवैध माना। साथ ही अगले 6 साल तक कोई भी चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी। ऐसी स्थिति में इंदिरा गांधी के पास प्रधानमंत्री पद छोड़ने के आलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं था। अदालत ने नया प्रधानमंत्री चुनने के लिए कांग्रेस तीन हफ्तों का वक्त दिया था। इस समय देश में 'इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इज इंडिया' का माहौल बना दिया गया था। ऐसे माहौल में इंदिरा के होते किसी और को प्रधानमंत्री कैसे बनाया जा सकता था? साथ ही इंदिरा अपनी पूरी पार्टी में किसी पर भी विश्वास नहीं करती थीं।कुछ ख़ास सिपहसलारों ने इंदिरा गांधी को समझाया कि यदि उन्होंने प्रधानमंत्री का पद किसी और को दिया तो फिर वह व्यक्ति इसे नहीं छोड़ेगा और पार्टी पर पकड़ ख़त्म हो जाएगी। इंदिरा गांधी ने तय किया कि वे इस्तीफा देने के बजाय तीन हफ़्तों की मिली मोहलत का फायदा उठाते हुए इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगी। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले पर पूर्ण रोक लगाने से इंकार कर दिया।

इसी बीच बिहार और गुजरात में कांग्रेस के खिलाफ छात्रों का आंदोलन उग्र हो रहा था। बिहार में इसका नेतृत्व लोकनायक जयप्रकाश नारायण कर रहे थे। इस आंदोलन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सशक्त भागीदारी रही। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अगले दिन यानी 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में जयप्रकाश नारायण की रैली थी, जिसमें उन्होंने इंदिरा गांधी पर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाते हुए रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता के अंश 卐सिंहासन खाली करो कि जनता आती है卐 का नारा बुलंद किया था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने विद्यार्थियों, सैनिकों और पुलिस वालों से अपील कि वे लोग इस दमनकारी निरंकुश सरकार के आदेशों को ना मानें, क्योंकि कोर्ट ने इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री पद से हटने को कहा है। इसी रैली के आधार पर इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाने का फैसला किया था। इंदिरा गांधी के खिलाफ पूरे देश में जन आक्रोश बढ़ रहा था। इसमें छात्र और संपूर्ण विपक्ष एकजुट हो गए थे। कोर्ट के आदेश ने इंदिरा गांधी की हालात को पंगु बना दिया था, क्योंकि इंदिरा गांधी अब संसद में वोट नहीं डाल सकती थी और उनको कांग्रेस पार्टी के किसी नेता पर भरोसा भी नहीं था।

इंदिरा गांधी को आपातकाल लगाने का सबसे बड़ा बहाना जयप्रकाश नारायण द्वारा दिया गया संपूर्ण क्रांति का था। छात्र संगठनों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने देशव्यापी आंदोलन छेड़ रखा था, जिसके कारण युवाशक्ति को जेलों में ठूंसकर अमानवीय यातनाएं दी गई। तत्कालीन छात्र संगठनों से जुड़े शिक्षकों एवं प्राध्यापकों को बेवजह मीसा कानून में बंद कर दिया गया। छात्रों ने स्वयं के कैरियर की परवाह न करते हुए जेल में रहकर राष्ट्रवाद की ज्वाला को प्रज्जवलित किए रखी। इंदिरा गांधी ने 26 जून 1975 की सुबह राष्ट्र के नाम अपने संदेश में कहा कि जिस तरह का माहौल देश में एक व्यक्ति अर्थात जयप्रकाश नारायण के द्वारा बनाया गया है, उसमें यह जरूरी हो गया है कि देश में आपातकाल लगाया जाए। इसके साथ ही भारतीय संविधान की धारा 352 के तहत आपातकाल की घोषणा तत्कालीन राष्ट्रपति ने की थी।

आपातकाल लागू होने के साथ ही विरोध की लहर लगातार तेज हो गई। अंततः प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग कर चुनाव कराने की सिफारिश कर दी। चुनाव में आपातकाल लागू करने का फ़ैसला जनता को नागबार लगा। 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई और मोरारजी देसाई देश के प्रधानमंत्री बने। तीन दशक के बाद केंद्र में किसी ग़ैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ। कांग्रेस को उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में एक भी सीट नहीं मिली। इस नई सरकार में जननेता अटल बिहारी वाजपेयी ने विदेश मंत्री के रूप में दुनिया के सामने भारत की जो तस्वीर पेश की, वह आज भी लोग याद कर रहे हैं। अटलजी ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में अपना भाषण देकर दुनिया को भारत की भाषा की महत्ता समझाई।

# टीम इंडिया की अजीबो-गरीब प्रैक्टिस :पुजारा एक ही मैच में दोनों टीम के लिए खेले, जडेजा और अय्यर को दो बार मिली बैटिंग

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ 1 जुलाई से शुरू होने वाले टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली फॉर्म में लौट आए हैं। विराट ने लिस्टरशर के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के तीसरे दिन 67 रनों की पारी खेली। उनके अलावा रवींद्र जडेजा (56 रन) ने भी हाफ सेंचुरी जमाई। भारत ने स्टंप्स तक 9 विकेट खोकर 364 रन बनाए। पहली पारी में भारत को 2 रन की बढ़त मिली थी। इस तरह टीम इंडिया की कुल बढ़त 366 रन की हो गई है।

इस मैच की अब तक की यूनिक बात यह रही कि चेतेश्वर पुजारा ने दोनों टीमों की ओर से बैटिंग की। वहीं, जडेजा और श्रेयस अय्यर भारत की दूसरी पारी में एक बार आउट होने के बावजूद दोबारा बैटिंग के लिए आए।



**पुजारा दोनों टीमों के लिए कैसे खेले, जडेजा-अय्यर ने दो बार कैसे की बैटिंग**

प्रैक्टिस मैचों में नियम सख्त नहीं होते हैं। ऐसे मैचों का मकसद खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा अभ्यास का मौका देना होता है। इसलिए पुजारा को दोनों टीमों की ओर से बैटिंग का मौका मिला और रवींद्र जडेजा और श्रेयस अय्यर आउट होने के बावजूद दोबारा बैटिंग के लिए उतरे। इतना ही नहीं लिस्टर की 15 मेंबर्स की टीम में पुजारा और ऋषभ पंत सहित 7 भारतीय खिलाड़ी मौजूद हैं। इन मैचों में 11 फिक्स खिलाड़ियों के खेलने की भी बाध्यता नहीं होती है। बस इतनी शर्त होती है कि एक पारी में 11 से ज्यादा बल्लेबाज न उतरे।

**118 रन पर गिर गए थे 4 विकेट**

दूसरी पारी में भारतीय टीम एक समय 118 रन के स्कोर पर चार विकेट गंवा चुकी थी। पहली पारी में अर्धशतक जमाने वाले केएस भरत 43, शुभमन गिल 38 और हनुमा विहारी 20 रन बनाकर आउट हुए। रवींद्र जडेजा खाता भी नहीं खोल सके। श्रेयस अय्यर ने 30 रन की पारी खेली। इसके बाद विराट ने भारतीय पारी को संभाला।

## चेन्नई में शतरंज ओलंपियाड में हिस्सा नहीं लेगा चीन

**मैड्रिड।** चीन यहां मामल्लापुरम में 28 जुलाई में होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड में हिस्सा नहीं लेगा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के मौके पर एक सवाल का जवाब देते हुए दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और चीन के शीर्ष खिलाड़ी डिंग लिरेन ने कहा कि न तो वह और न ही टीम ओलंपियाड में हिस्सा लेगी। मैड्रिड में टूर्नामेंट में खेल रहे लिरेन ने कहा, ''नहीं, मुझे लगता है कि चीन की टीम नहीं खेलेगी।'' अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के सचिव और ओलंपियाड टूर्नामेंट के निदेशक भरत सिंह चौहान के अनुसार चीन के खिलाड़ी ने हालांकि टीम के हिस्सा नहीं लेने के लिये कोई कारण नहीं बताया। उन्होंने पीटीआई से कहा, ''हां, चीन की (ओपन) पुरूष और महिला टीम चेन्नई ओलंपियाड में नहीं खेलेगी। इसका कारण स्पष्ट नहीं है। '

## अदिति अशोक ने वापसी करते हुए कट में प्रवेश किया

**बेथेस्डा (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अंतिम तीन होल में दो बर्डी लगाकर समय पर वापसी करते हुए एक अंडर 71 का कार्ड खेला और यहां महिला पीजीए चैम्पियनशिप के कट में जगह बनाई। अदिति ने पहले दौर में 76 का कार्ड खेला था और वह 15 होल के बाद एक ओवर पर चल रही थी जिससे उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन अंतिम तीन होल में दो बर्डी लगाने से वह टूर्नामेंट में बनी रहीं। तीन ओवर से वह संयुक्त 54वें स्थान पर थीं और 72 खिलाडियों ने कट हासिल किया।



**लाहिड़ी लगातार तीसरे टूर्नामेंट में कट से चूके**

भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी की चुनौती यहां ट्रैवलर्स चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में ही समाप्त हो गई जिसमें वह बैक नाइन में दो बोगी के कारण कट से चूक गए। लाहिड़ी ने तीन ओवर 73 के कार्ड में चार बर्डी, तीन बोगी और दो डबल बोगी की। इससे 36 होल में उनका कुल स्कोर तीन ओवर का रहा जिससे वह पांच शॉट से कट से चूक गए। कट दो अंडर का था। लाहिड़ी इस तरह लगातार तीसरे टूर्नामेंट में कट में जगह नहीं बना सकें वह अमेरिकी पीजीए चैम्पियनशिप और मेमोरियल में भी कट से चूक गए थे।

## Umran Malik के हक में उतरा भारत का पूर्व कप्तान, कहा- उसे टीम में होना ही चाहिए



**मुंबई।** उमरान मलिक की तेज गेंदबाजी से कई दिग्गज प्रभावित हुए हैं। इसी कारण उन्हें दक्षिण अफ्रीका केखिलाफ खेली गई पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए भी चुना गया। हालांकि वहां वह प्लेइंग-11 में जगह नहीं बना पाए। अब उम्मीद है कि आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 मैचों की सीरीज में उन्हें मौका मिल सकता है। भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर का भी मानना है कि जम्मू कश्मीर के इस युवा गेंदबाज को हर हार में टीम में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह उमरान को इस साल होने वाले टी20 विश्व कप की टीम में चुनना चाहेंगे। वेंगसरकर ने कहा कि मुझे उम्मीद है क्योंकि वह (उमरान) एक बहुत शानदार प्रतिभा है। उसने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया और वह एक मौके का हकदार है। मुझे उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया जाने वाले विमान में होगा। टी-20 विश्व कप को इस साल के अंत में अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में खेला जाना है। राष्ट्रीय चयन समिति के इस पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि वह युवा है और अच्छा करने के लिए उत्सुक है। आपको किसी ऐसे व्यक्ति को मौका देना चाहिए जो लय में हो। उमरान ने इस साल आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 14 मैचों में 22 विकेट लिए थे। उन्होंने हालांकि लगातार 95 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सुर्खियां बटोरी। इसका इनाम उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में जगह के साथ मिला। वह आयरलैंड दौरे पर गई टी-20 टीम में भी शामिल है। वेंगसरकर की 1983 विश्व कप विजेता टीम के साथी और भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी रोजर बिन्नी को भी लगाता है कि उमरान को तीनों प्रारूपों में मौका दिया जाना चाहिए।

## हरमनप्रीत ने तोड़ा मिताली राज का रिकॉर्ड: टी20टी में भारत की टॉप महिला बल्लेबाज बनीं, सीरीज पर टीम इंडिया का कब्जा

**लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी-20 मैच में श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट खोकर 125 रन बनाए। जवाब में भारत ने 19.1 ओवर में पांच विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। स्मृति मंधाना ने 39 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नाबाद 31 रनों की पारी खेली।

**हरमनप्रीत के नाम अब 2372 रन-** इस पारी के दौरान हरमनप्रीत कौर महिला टी20टी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ा है। हरमनप्रीत ने अब 123 मैचों में 1 शतक और 6 अर्धशतक की मदद से 2372 रन बना लिए हैं। मिताली के नाम 89 मैचों में 2364 रन हैं।




**मंधाना और शेफाली ने दी तेज शुरुआत**

साधारण टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत तेज रही। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 3.4 ओवर में ही 30 रनों की साझेदारी कर डाली। हालांकि, शेफाली बड़ी पारी नहीं खेल सकीं और 10 गेंदों पर 17 रन बनाकर आउट हो गईं।

सभीनेनी मेघना भी 17 रन बनाकर आउट हुईं। मंधाना ने अपनी पारी में 34 गेंदों का सामना किया और 8 चौके जमाए। बाद में हरमनप्रीत ने 32 गेंदों पर 31 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

**मजबूत शुरुआत के बाद लड़खड़ाई श्रीलंका की पारी**

श्रीलंका की ओर से विशमी गुणारत्ने और चमारी अटापट्टू ने पहले विकेट के लिए 87 रनों की पार्टरनशिप कर टीम को मजबूत शुरुआत दी।

लेकिन, इन दोनों के आउट होने के बाद टीम लड़खड़ा गई और 20 ओवर मे 7 विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। गुणारत्ने ने 45 और अटापट्टू ने 43 रन बनाए।

## अंडर-17 महिला फुटबॉल में भारत को चिली से मिली 1-3 से हार, इटली से भी हारी थी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम बेहतर प्रदर्शन के बावजूद यहां चार देशों के टूर्नामेंट के दूसरे मैच में चिली से 1-3 से हार गई। शुरुआती मैच में भारतीय टीम को इटली की टीम से 0-7 से हार मिली थी। धीमी शुरुआत के बावजूद भारत को डिफेंडर नाकेता के प्रयास से बढ़त हासिल करने का मौका मिला, लेकिन उनकी फ्री-किक पर चिली ने गोल नहीं होने दिया। कैटरीन रामोस ने 11वें मिनट में चिली की तरफ से पहला गोल किया जबकि मैटी ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। चिली मध्यांतर तक 2-0 से आगे था। भारत दूसरे हॉफ में वापसी के लिए बेताब दिखा और नेहा के पास पर काजोल गोल करने में सफल रही। चिली की अंबर रोलिनो ने हालांकि 67वें मिनट में अपनी टीम के लिए तीसरा गोल करके भारत की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।



## राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेंगे भारत के चार तैराक, साजन और नटराज करेंगे अगुआई

**नई दिल्ली।** साजन प्रकाश और श्रीहरि नटराज की स्टार जोड़ी अगले महीने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) में चार सदस्यीय भारतीय तैराकी टीम का नेतृत्व करेगी। इनके अलावा दिल्ली के तैराक कुशाग्र रावत और मध्य प्रदेश के अद्वैत पेज 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले इन खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने 2022 सीडब्ल्यूजी के लिए चार कोटा स्थान हासिल किए थे और राष्ट्रीय निकाय ने घोषणा की थी कि 2018 में गोल्डकोस्ट सीडब्ल्यूजी में अपनी संबंधित स्पर्धाओं में छठा स्थान हासिल करने वाले तैराकों के बराबर समय निकाले वाले खिलाड़ियों को इस बार जगह देने पर विचार किया जाएगा।

**प्रकाश का तीसरा राष्ट्रमंडल खेल**

अनुभवी प्रकाश 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में भारत के लिए पहले पदक की तलाश में होंगे, जिसके लिए उन्होंने छठा स्थान हासिल किया। वह इसके अलावा 50 मीटर और 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धाओं में भी भाग लेंगे। यह उनका तीसरा राष्ट्रमंडल खेल अभियान होगा। वहीं 21 साल के नटराज 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धाओं में भाग लेंगे। टोक्यो ओलंपिक के बाद बंगलूरू के तैराक के लिए यह पहली बड़ी चुनौती होगी। कुशाग्र और अद्वैत ने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के लिए क्वालिफाई किया है। कुशाग्र 200 मीटर और 400 मीटर फ्रीस्टाइल में भी भाग लेंगे।

**तैराकी में अभी तक नहीं मिला है पदक**



तैराकी स्पर्धाएं 29 जुलाई से तीन अगस्त तक होंगी। राष्ट्रमंडल खेलों के मुख्य आयोजन में अब तक भारत को तैराकी में कोई पदक नहीं मिला है।

दिल्ली में वर्ष 2010 में पैरा तैराक प्रशांत कर्माकर का 50 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक भारत का इन खेलों का इकलौता पदक है।

## टीम इंडिया को लगा बड़ा झटका, रोहित शर्मा कोरोना पॉजिटिव...होटल में हुए आइसोलेट

**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पांचवें टेस्ट से पहले टीम इंडिया को एक और बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान रोहित शर्मा कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। बता दें कि बीते दिनों लीसेस्टर के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में रोहित शर्मा भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गेंद पर जख्मी हो गए थे। इसके बाद वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने नहीं उतरे थे। अब उनके कोरोना पॉजिटिव होने की खबर सामने आ गई है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को जानकारी दी कि कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद रोहित शर्मा को आइसोलेशन में रखा गया है। टेस्ट मैच एक जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगा और रोहित अगर 6 दिन आइसोलेशन में रहते हैं तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह या विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को टीम की अगुआई करने को कहा जा सकता है। क्ष्ष्ट्ठ सचिव जय शाह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा शनिवार को हुए रेपिड एंटीजेन परीक्षण में covid-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। विज्ञप्ति के अनुसार कि वह अभी टीम होटल में आइसोलेशन में हैं और BCCI की मेडिकल टीम उनका ध्यान रख रही है।



**अश्विन की फिटनेस पर भी सवाल**

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी इंग्लैंड में टीम से देर से जुड़े क्योंकि वह टीम के ब्रिटेन दौरे पर रवाना होने से पहले कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। टीम इंडिया के स्पिनर रविचंद्र अश्विन भी कुछ दिन पहले कोविड-19 गए थे इसी के कारण व टीम इंडिया के साथ इंग्लैंड के लिए रवाना नहीं हो पाए थे हालांकि बताया जा रहा है कि कोविड-19 अश्विन अभी स्वस्थ हैं और वे टीम इंडिया के साथ जुड़ चुके हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उन्होंने लीसेस्टर के खिलाफ खेले गए प्रैक्टिस मैच में प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं बनाई थी ऐसे में इंग्लैंड की कंडीशन में अहम टेस्ट में से पैसे ना खेलना टीम इंडिया के लिए भारी पड़ सकता है अश्विन पांचवा टेस्ट मैच खेलेंगे या नहीं इस पर अभी सस्पेंस बना हुआ है।

**केएल राहुल भी है बाहर**

टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल भी चोटिल हैं। इसी कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गई 5 टी20 मैचों की सीरीज में नहीं खेल पाए थे। रोहित को आराम दिए जाने के बाद केएल राहुल को कप्तानी सौंपी गई थी लेकिन सीरीज शुरू होने से पहले ही केएल राहुल के नेट सेशन के दौरान चोटिल होने की खबर सामने आ गई थी।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो विश्व के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी, लियोनल मेसी उनके आसपास भी नहीं

**नई दिल्ली।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के पुर्तगाली फॉरवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो दुनिया के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार रोनाल्डो के प्रतिद्वंद्वी फुटबॉलर 35 वर्षीय अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी उनके आसपास भी नहीं है। रोनाल्डो को इंटरनेट पर प्रतिमाह मेसी से 145 फीसदी अधिक सर्च किया जाता है। 37 वर्षीय रोनाल्डो को एक महीने में एक करोड़ 10 लाख बार तो मेसी को 45 लाख बार सर्च किया जा रहा है। मेसी सूची में पांचवें नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर अमेरिकी फुटबॉल के 28 वर्षीय खिलाड़ी रियान रेमसजिक हैं। उन्हें 61 लाख बार सर्च किया जाता है।

पेरिस सेंट जर्मेन क्लब की ओर से खेलने वाले ब्राजील के फुटबॉलर नेमार 58 लाख सर्च के साथ तीसरे नंबर हैं। चौथे नंबर पर एनबीए के महान बास्केटबाल खिलाड़ी लेब्रॉन जेम्स को हर माह 53 लाख बार सर्च किया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार सात बार के अमेरिकी फुटबॉल सुपर बाउल विजेता टॉम ब्रेडी 43 लाख सर्च के साथ छठवें नंबर पर हैं।

**टॉप टेन सूची में में तीन फुटबॉलर और तीन अमेरिकी फुटबॉलर शामिल**

हर माह सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले शीर्ष दस खिलाड़ियों की सूची में तीन फुटबॉल और तीन ही अमेरिकी फुटबॉल के खिलाड़ी शामिल हैं। इसमें दो फॉर्मूला वन ड्राइवरों ने जगह बनाई है। एक बास्केटबाल तो एक मिक्स मार्शल आर्ट का खिलाड़ी शामिल हैं।

फुटबॉलरों में रोनाल्डो, नेमार और मेसी तो अमेरिकी फुटबॉलरों में रियान रेमसजिक, टॉम ब्रेडी, आरोन रोजर्स के नाम हैं।

हर माह सर्च किए जाने वाले खिलाड़ी

| खिलाड़ी | खेल | देश | सर्च |
|---|---|---|---|
| क्रिस्टियानो रोनाल्डो | फुटबॉल | पुर्तगाल | 1.10 करोड़ |
| रियान रेमसजिक | अमेरिकी फुटबॉल | अमेरिका | 61 लाख |
| नेमार | फुटबॉल | ब्राजील | 58 लाख |
| लेब्रॉन जेम्स | बास्केटबॉल | अमेरिका | 53 लाख |
| लियोनेल मेसी | फुटबॉल | अर्जेंटीना | 45 लाख |
| टॉम ब्रेडी | अमेरिकी फुटबॉल | अमेरिका | 43 लाख |
| लुइस हेमिल्टन | फॉर्मूला-1 | ब्रिटेन | 39 लाख |
| मैक्स वेर्स्टापेन | फॉर्मूला-1 | बेल्जियम | 38 लाख |
| आरोन रोजर्स | अमेरिकी फुटबॉल | अमेरिका | 37 लाख |
| कॉनोर मैकग्रेगर | मिक्स मार्शल आर्ट | आयरलैंड | 31 लाख |

फॉर्मूला-1 स्टार लुइस हेमिल्टन और मैक्स वेर्स्टापेन दुनिया में हर माह ज्यादा सर्च किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची में क्रमशः सातवें और आठवें नंबर पर हैं। इसके अलावा बास्केटबाल खिलाड़ी अमेरिका के लेब्रॉन जेम्स चौथे और आयरलैंड के मिक्स मार्शल आर्ट खिलाड़ कॉनोर मैकग्रेगर दसवें नंबर पर हैं।

**नंबर गेम**

145 फीसदी ज्यादा हर माह सर्च किए जाते हैं क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपने प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेसी से।

61 लाख सर्च के साथ अमेरिकी फुटबॉल खिलाड़ी रियान रेमसजिक दूसरे नंबर।

## अभिषेक और ज्योति ने रचा इतिहास, भारत ने पहली बार कम्पाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में इतिहास रच दिया। विश्व कप के तीसरे चरण में कम्पाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में दोनों ने फ्रांस की अनुभवी जोड़ी जीन बौल्च और सोफी डोडेमोंट को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। कम्पाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत को पहली बार स्वर्ण पदक मिला है।

अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा ने मैच में शानदार शुरुआत की। दोनों ने जीन बौल्च और 48 वर्षीय ओलंपिक पदक विजेता सोफी डोडेमोंट पर दबाव बनाए रखा। अभिषेक और ज्योति ने 152-149 के अंतर से मैच को अपने नाम कर पीला तमगा हासिल कर लिया। भारत ने इस स्वर्ण पदक के साथ विश्व कप के तीसरे चरण में अपना खाता खोला। ज्योति की बात करें तो उन्हें एशियाई खेलों के ट्रायल में नजरअंदाज कर दिया गया था। उन्होंने सात महीने से अधिक समय के बाद टीम में वापसी की।



विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज यह तीरंदाज अभी एक और पदक की दौड़ में है। ज्योति व्यक्तिगत सेमीफाइनल में बीजिंग ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता फ्रांस की दिग्गज सोफी से भिड़ेंगी। अभिषेक और ज्योति की भारतीय कम्पाउंड जोड़ी ने इससे पहले यांकटन में पिछले साल रजत पदक हासिल किया था। यह जोड़ी विश्व कप में कांस्य पदक भी जीत चुकी है। दूसरी ओर, महिला रिकर्व टीम ने भी कमाल का प्रदर्शन किया। दीपिका कुमार, अंकिता भक्त और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ने पदक पक्का किया। रविवार को महिला रिकर्व टीम फाइनल में खेलेगी।

## स्मृति मंधाना के टी-20 में 2000 रन पूरे, दूसरा टी-20 जीतने के बाद कही यह बात

**कोलंबो।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए दूसरे टी-20 मैच में संक्षिप्त पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। स्मृति ने इस दौरान एक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। मंधाना टी-20 में 2,000 रन तक पहुंचने वाली दूसरी सबसे तेज भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई जिससे दिन यादगार बन गया। मंधना ने अपनी 84वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की, वह मिताली राज (70 पारियों) और मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत कौर (88 पारियों) के बाद यह कारनामा हासिल करने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हैं।स्मृति ने मैच के बाद कहा- उन्होंने (गेंदबाजों) ने आज और पिछले मैच में वास्तव में अच्छा काम किया है। पिछले मैच में भी उन्होंने 139 रन के स्कोर का बचाव किया था। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने कप्तान चामरी अटापट्टू (41 गेंद में 43 रन) और विषमी गुणरत्ने (50 गेंद में 45 रन) की मदद से अच्छी शुरुआत की थी और इस दौरान भारतीय गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा था।मंधाना ने कहा कि हमें उन्हें ज्यादा बताने की जरूरत नहीं थी। यह एक गेंदबाजी इकाई के रूप में उन्हें हमारी योजना पर टिके रहना था। हमें यकीन था कि एक या दो विकेट लेने के बाद मैच में हम वापसी करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में धैर्य बनाए रखा। हम ने मैदान में कुछ खराब क्षेत्ररक्षण किए लेकिन इस मामले में हम मजबूत वापसी करेंगे।



## दुबई में बीमार मुशर्रफ से मिले पाक सेना प्रमुख बाजवा, साथ लेकर गए अपने शीर्ष चिकित्सक

**दुबई:** पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने हाल में दुबई में बीमार पूर्व राष्ट्रपति जनरल (सेवानिवृत्त) परवेज मुशर्रफ से मुलाकात की। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने एक सूत्र के हवाले से अपनी



खबर में कहा कि पाकिस्तानी सेना के शीर्ष चिकित्सकों के साथ पहुंचे जनरल बाजवा ने मुशर्रफ और उनके परिवार के साथ दुबई स्थित उनके अपार्टमेंट में कुछ समय बिताया। इस दौरान चिकित्सकों ने 78 वर्षीय मुशर्रफ के स्वास्थ्य की जांच की। पूर्व सैन्य शासक को 2018 में संयुक्त अरब अमीरात में 'अमाइलॉइडोसिस' नामक बीमारी का पता चला था। ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के अनुसार यह बीमारी पूरे शरीर के अंगों और ऊतकों में अमाइलॉइड नामक असामान्य प्रोटीन के निर्माण के कारण होती है। पूर्व सैन्य शासक के परिवार के करीबी सूत्रों के अनुसार जनरल मुशर्रफ और उनके परिवार ने सेनाध्यक्ष बाजवा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। हालांकि, सेना की मीडिया विंग ने बाजवा की दुबई यात्रा पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

## पाकिस्तान का आर्थिक भविष्य चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर टिका: शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान का आर्थिक भविष्य चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपेक) की सफलता से जुड़ा हुआ है और ग्वादर पोर्ट इसका एक सबसे मुख्य घटक है। इस पूरे लक्ष्य को हासिल करने में पाकिस्तानी नौसेना की भूमिका अहम है। डॉन समाचार पत्र ने इसकी जानकारी दी। कराची में शनिवार को पाकिस्तान नौसेना अकादमी में आयोजित 117वें



मिडशिपमैन और 25वें शॉर्ट सर्विस कमीशन कोर्स की पासिंग आउट परेड में शहबाज शरीफ ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि ब्लू इकोनॉमी (समुद्री व्यापार), समुद्री सुरक्षा और सामरिक हितों के कारण एक मजबूत और जीवंत नौसेना की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने इस दौरान यह भी कहा कि किसी भी देश की आर्थिक प्रगति एक शांतिपूर्ण वातावरण में ही संभव है।

शहबाज ने कहा,''इसीलिए हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि समुद्री सुरक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में पाकिस्तानी नौसेना को मजबूत करने के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।'' उन्होंने अपनी क्षमता बढ़ाने और पड़ोसी देशों के साथ संयुक्त उद्यम का विस्तार करने के लिए नौसेना की सराहना भी की।

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख बाजवा ने मुशर्रफ से दुबई में की मुलाकात

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने हाल में दुबई में बीमार पूर्व राष्ट्रपति जनरल (सेवानिवृत्त) परवेज मुशर्रफ से मुलाकात की। मीडिया की खबरों में शनिवार को यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने एक सूत्र के हवाले से अपनी खबर में कहा कि पाकिस्तानी सेना के शीर्ष चिकित्सकों के साथ पहुंचे जनरल बाजवा ने मुशर्रफ और उनके परिवार के साथ दुबई स्थित उनके अपार्टमेंट में कुछ समय बिताया। इस दौरान चिकित्सकों ने 78 वर्षीय मुशर्रफ के स्वास्थ्य की जांच की। पूर्व सैन्य शासक को 2018 में संयुक्त अरब अमीरात में 'अमाइलॉइडोसिस' नामक बीमारी का पता चला था। ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के अनुसार यह बीमारी पूरे शरीर के अंगों और ऊतकों में अमाइलॉइड नामक असामान्य प्रोटीन के निर्माण के कारण होती है। पूर्व सैन्य शासक के परिवार के करीबी सूत्रों के अनुसार जनरल मुशर्रफ और उनके परिवार ने सेनाध्यक्ष बाजवा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। हालांकि, सेना की मीडिया विंग ने बाजवा की दुबई यात्रा पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# अमेरिका में गन कल्चर पर लगेगी लगाम, बाइडेन ने बंदूक हिंसा रोधी विधेयक पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडेन ने पिछले कुछ दशकों के सर्वाधिक महत्वपूर्ण माने जा रहे बंदूक हिंसा रोधी विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए। इस विधेयक को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों राजनीतिक दलों का समर्थन मिला। टेक्सास में एक प्राथमिक विद्यालय में एक बंदूकधारी द्वारा 19 छात्रों और दो शिक्षकों की हत्या किए जाने की घटना के बाद देश में हथियार खरीदने संबंधी एक कड़े कानून के लिए सरकार पर दबाव था। स्कूल की घटना सहित हाल में हुई गोलीबारी की सिलसिलेवार घटनाओं से पहले इस तरह के किसी विधेयक को अकल्पनीय माना जा रहा था।

बाइडेन ने विधेयक पर हस्ताक्षर करने के बाद व्हाइट हाउस में कहा, ''इससे लोगों के जीवन की रक्षा होगी। गोलीबारी की घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों का संदेश था कि हम कुछ करें। आज हमने यह कर दिया।' इस विधेयक को अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से और निचले सदन प्रतिनिधि सभा से मंजूरी मिल गई थी। अब बाइडन के हस्ताक्षर करने के साथ ही यह विधेयक एक कानून बन गया है। बाइडन ने यूरोप में दो शिखर सम्मेलनों के लिए वाशिंगटन से रवाना होने से ठीक



पहले विधेयक पर हस्ताक्षर किए। तेरह अरब डॉलर के इस विधेयक के तहत कम उम्र के बंदूक खरीदारों की पृष्ठभूमि की कड़ी जांच की जाएगी और राज्यों को खतरनाक समझे जाने वाले लोगों से हथियार वापस लेने का अधिकार दिया जाएगा।

इसके अलावा विद्यालयों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं हिंसा की रोकथाम के स्थानीय कार्यक्रमों को निधि मुहैया कराई जाएगी। अमेरिका को हिलाकर रख देने वाली गोलीबारी की घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में यह कानून अत्यंत महत्वपूर्ण है। टेक्सास में हुई घटना से कुछ दिन पहले 'नस्ली भावना' रखने वाले 18 वर्षीय एक श्वेत युवक ने अमेरिका के बफेलो शहर के एक सुपरमार्केट में अंधाधुंध गोलबारी कर 10 अश्वेत लोगों की हत्या कर दी थी। देश में बंदूक हिंसा के खिलाफ उठाया गया सांसदों का पिछले कुछ दशकों में यह सबसे बड़ा कदम है। रिपब्लिकन पार्टी हथियारों की बिक्री पर रोक लगाने के डेमोक्रेटिक प्रयासों को वर्षों से बाधित कर रही थी, लेकिन न्यूयॉर्क और टेक्सास में हुई गोलीबारी की घटनाओं के मद्देनजर डेमोक्रेटिक पार्टी के अलावा कुछ रिपब्लकिन सांसदों ने इस बार फैसला किया कि इस संबंध में संसद की निष्क्रियता अब स्वीकार्य नहीं है। दो सप्ताह तक चली वार्ता के बाद दोनों दलों के सांसदों के एक समूह ने यह विधेयक पेश करने संबंधी समझौता किया, ताकि बंदूक हिंसा को रोका जा सके।

## कश्मीर में जी20 बैठक की तैयारी पर बौखलाया पाकिस्तान, भारत की योजना की खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा कि उसने कश्मीर में जी20 दशों की बैठक कराने संबंधी भारत की कोशिश को खारिज कर दिया है और उम्मीद जतायी कि इस समूह के सदस्य कानून एवं व्यवस्था की अनिवार्यताओं से पूरी तरह परिचित होंगे और इस प्रस्ताव का विरोध करेंगे। जम्मू कश्मीर दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाने वाले प्रभावशाली समूह जी-20 की 2023 की बैठक की मेजबानी करेगा। केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने समन्वय के लिए बृहस्पतिवार को पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता आसिम इफ्तिखार अहमद ने एक बयान में कहा कि इस्लामाबाद ने भारतीय मीडिया में आयी उन खबरों का संज्ञान लिया है, जिनसे संकेत मिलता है कि भारत ''जी-20 से संबंधित कुछ बैठक जम्मू कश्मीर में कराने पर विचार' कर सकता है। अहमद ने कहा, ''भारत की ऐसी किसी भी कोशिश को पाकिस्तान पूरी तरह



नकारता है।' उन्होंने कहा कि यह सब जानते हैं कि जम्मू कश्मीर, पाकिस्तान और भारत के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माना गया ''विवादित' क्षेत्र है और सात दशकों से अधिक समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एजेंडे पर है।अहमद ने कहा कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत से पांच अगस्त, 2019 को लिये गये अपने फैसले को वापस लेने और सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करने का आह्वान करने का अनुरोध भी करता है। गौरतलब है कि पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने के लिए भारत द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है।

## अमेरिका में गर्भपात प्रतिबंध फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले

**न्यूयार्क:** अमेरिका में एरिजोना कैपिटल के बाहर गर्भपात के फैसले के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। प्रदर्शन के चलते सांसदों को कुछ समय के लिए इमारत के अंदर एक तहखाने में रहना पड़ा। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने महिलाओं को गर्भपात का संवैधानिक अधिकार देने वाले 50 साल पहले के रो बनाम वेड फैसले को पलट दिया था जिससे अमेरिका के लगभग आधे राज्यों में गर्भपात पर प्रतिबंध लगने की संभावना है और कई राज्य फैसले के बाद प्रतिबंध लगा भी चुके हैं।

अदालत के फैसले के समर्थन में और विरोध में हजारों लोग फीनिक्स स्थित कैपिटल के पास समूहों में एकत्र हुए। अधिकारियों ने बताया कि स्वैट टीम के सदस्यों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुराने कैपिटल भवन की दूसरी मंजिल से आंसू गैस के गोले दागे। उन्होंने कहा कि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और न ही किसी को गिरफ्तार किया गया है। केपीएचओ-टीवी की खबर के अनुसार, अधिकारियों ने अपनी कार्यवाही को सीनेट कक्ष के बजाय सुनवाई कक्ष में करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वर्ष 1973 के रो बनाम वेड फैसले में कहा गया था कि गर्भपात कराना या न कराना, यह तय करना




आंसू गैस के गोले तब दागे जब गर्भपात विरोधी प्रदर्शनकारियों ने सीनेट भवन के शीशे के दरवाजों को धक्का देना शुरू कर दिया।

डेमोक्रेटिक सेन मार्टिन क्रेज़ादा ने कहा कि घटना के चलते सीनेट के सांसद लगभग 20 मिनट तक इमारत के तहखाने में रहे। उन्होंने कहा कि आंसू गैस के प्रभाव के चलते सीनेट को महिलाओं का अधिकार है, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इस फैसले को पलट दिया। उच्चतम न्यायालय के फैसले के विपरीत अधिकतर अमेरिकी चाहते हैं कि महिलाओं का गर्भपात का अधिकार बरकरार रखा जाना चाहिए। राजनीतिक नेता भी फैसले के विरोध में आवाज उठा रहे हैं।

## 'मुजफ्फराबाद नहीं शिकागो है यह', अमेरिका में हिंदुओं के खिलाफ सड़कों पर उतरे मुस्लिम...की नारेबाजी

**न्यूयार्क।** अमेरिका में मुस्लिम संगठनों ने अमेरिकी हिंदुओं और उनके कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया है। मुस्लिम संगठनों ने अमेरिका में हिंदुओं और उनके कारोबार को बंद करने के लिए एक मार्च निकाला। सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है। @virendranishad6 नाम के एक यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए हुए लिखा कि यह प्रोटेस्ट शिकागो यूएसए में हो रहा है, मुजफ्फराबाद में नहीं। यूजर ने लिखा कि यही सही समय है स्थिति को समझने और जागने का। यूजर ने वीडियो के साथ लिखा जागो मेरे भारत के और विश्व के सनातनी हिंदू। इस वीडियो पर काफी कमेंट आ रहे हैं। लोग




लिक रहे हैं कि यह लोग चाहे कहीं भी रहें, चाहे जितने मर्जी शिक्षित हो जाएं लेकिन कभी सुधरेंगे नहीं, इनकी सोच हिंदुओं के प्रति ऐसी ही रहेगी। एक अन्य यूजर ने लिखा कि जागो हिंदुओं जागों, यही समय है जागने का। अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान, दुबई, सीरिया किसी भी इस्लामिक देश में हिंदू को कितने अधिकार और आज़ादी है बोलने की। एक अन्य ने लिखा कि भले ही हिंदू मुसलमानों के प्रति अपनी सोच बदल लें लेकिन मुस्लिमों की मानसिकता कभी नहीं बदलेगी। बता दें कि हाल ही में भाजपा नेता नुपूर शर्मा की पैंगबर पर की गई टिप्पणी को लेकर कई इस्लामिक देशों ने आपत्ति जताई थी और भारत सरकार को इसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने को कहा था।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में विस्फोट, दो लोगों की मौत व 8 घायल



**पेशावर:** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में हुए विस्फोट में एक पुलिसकर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि विस्फोट प्रांत के जैकोबाबाद इलाके में एक पुलिस थाने के पास हुआ। उन्होंने कहा, ''आठ अन्य घायल हो गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।' पुलिस की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार दोपहर बाद अज्ञात हमलावरों ने इलाके में एक हथगोला फेंका। यह भी बताया गया है कि पुलिस ने विस्फोट के बाद एक वांछित आतंकवादी मुहम्मद उस्मान तलानी को गिरफ्तार किया है।

## दक्षिण अफ्रीका के नाइट क्लब में 17 लोगों की मौत

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका के दक्षिणी शहर पूर्वी लंदन के नाइट क्लब एन्योबेनी टैवर्न (सराय) में 17 लोगों की मौत से सनसनी फैल गई। यह नाइट क्लब सीनरी पार्क में है। मौत के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। शुरूआती रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यहां गैस रिसाव से भगदड़ मच गई थी। रविवार सुबह नाइट क्लब के अंदर शव टेबल, कुर्सियों और फ्लोर पर पड़े थे। दावा किया जा रहा है कि 22 शव मिले हैं। दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा ने कहा कि जांच की जा रही है। पीड़ित परिवारों के सदस्यों ने क्लब के अंदर जाने की इजाजत मांगी है। प्रांतीय पुलिस प्रमुख ब्रिगेडियर थेम्बिंकोसी किनाना ने कहा, 'हमें एक रिपोर्ट मिली है कि पूर्वी लंदन में स्थित सीनरी पार्क में एक स्थानीय सराय में 17 लोगों की मौत हो गई है।' उन्होंने कहा कि अधिकारी अभी भी 'परिस्थितियों की जांच' कर रहे हैं। किनाना ने बताया कि जिन परिस्थितियों में लोगों की मौत हुई है, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि 18-20 साल की उम्र के युवाओं की मौत का कारण निर्धारित करना जल्दबाजी होगी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## भारत-बांग्लादेश को जोड़ने वाला पद्मा पुल यातायात के लिए खुला

**ढाका।** भारत-बंगलादेश को जोड़ने वाला बहुप्रतीक्षित पद्मा पुल रविवार सुबह छह बजे से यातायात के लिए खोल दिया गया। इस पुल को पार करने के लिए पहले दिन सैकड़ों गाड़ियों की लंबी कतार देखी गईं।

इस पुल पर टोल वसूली के लिए कुल 14 बूथ स्थापित किए गए हैं। इस पुल को पार करने के लिए मोटरसाइकिल को 100 टका (बांग्लादेशी मुद्रा), जबकि बस को 2,400 टका और मध्यम आकार के ट्रक को 2,800 टका का भुगतान करना होगा। पांच टन तक के मिनी ट्रकों के लिए 1,600 टका, पांच टन से लेकर आठ टन तक के वाहनों के लिए 2,100 टका, तीन धुरा ट्रकों के लिए 5,500 टका और चार धुरा ट्रेलर के लिए 6,000 टका निर्धारित किया गया। चार धुरे से अधिक प्रत्येक धुरे के लिए 1,500 टका टोल चुकाना होगा।

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार दोपहर को रंगारंग कार्यक्रम में मुंशीगंज के मावा के अंतिम छोर पर बने 6.15 किलोमीटर लंबे पद्मा पुल की पट्टिका का अनावरण किया था।

पद्मा नदी बांग्लादेश में गंगा नदी की प्रमुख धारा है। पद्मा नदी पर बना यह पुल-रेल और सड़क मार्ग परियोजना है। इस परियोजना को पूरा करने में 3.6 अरब डालर खर्च हुए हैं। यह मार्ग भारत और बांग्लादेश के कारोबारी रिश्तों को नया आयाम दे सकता है। इस पुल के खुल जाने से ढाका से कोलकाता की दूरी करीब तीन घंटे कम हो जाएगी।

यही नहीं पड़ोसी देश के मोंगला पोर्ट से होते हुए पद्मा ब्रिज से भारत अपने पूर्वोत्तर राज्यों तक ज्यादा तेजी से पहुंच सकेगा। अभी तक पद्मा नदी को पार करने का एक मात्र जरिया नाव थी, जिससे एक पाट से दूसरी तरफ जाने में छह से आठ घंटे लगते थे। बारिश मे उफनती पद्मा नदी को पार करना मौत को दावत देने के समान होता था।

## जी-7 शिखर समिट में हिस्सा लेने के लिए जर्मनी पहुंचे पीएम मोदी, एयरपोर्ट पर बवेरियन बैंड ने किया जोरदार स्वागत

**वाशिंगटन:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जर्मनी के दो दिवसीय दौरे पर रविवार को म्यूनिख पहुंचे। इस दौरान वे जी-7 शिखर समिट में भाग लेंगे और शक्तिशाली समूह एवं उसके सहयोगी देशों के नेताओं के साथ ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, आतंकवाद से मुकाबला, पर्यावरण और लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 26 और 27 जून को होने वाले जी-7 शिखर समिट में भाग ले रहे हैं। दुनिया के सात सबसे अमीर देशों के समूह जी-7 के अध्यक्ष के रूप में जर्मनी शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। जी-7 नेताओं के यूक्रेन संकट पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है जिसने वैश्विक खाद्य और ऊर्जा संकट को बढ़ावा देने के अलावा भू-राजनीतिक उथल-पुथल को जन्म दिया है।प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी



यात्रा से पहले एक बयान में कहा, ''शिखर सम्मेलन के सत्रों के दौरान मैं पर्यावरण, ऊर्जा, जलवायु, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, आतंकवाद का मुकाबला, लैंगिक समानता और लोकतंत्र जैसे सामयिक मुद्दों पर जी-7 काउंटी, जी-7 भागीदार देशों और अतिथि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करूंगा।' विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर जी-7 के नेताओं और अतिथि देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकें और चर्चा करेंगे। जी-7 शिखर सम्मेलन के मेजबान जर्मनी ने भारत के अलावा, अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, सेनेगल और दक्षिण अफ्रीका को शिखर सम्मेलन के लिए अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। मोदी ने कहा कि वह पूरे यूरोप से भारतवंशी समुदाय के सदस्यों से मिलने के लिए भी उत्सुक हैं, जो अपनी स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ यूरोपीय देशों से भारत के संबंधों को समृद्ध करने में बहुत योगदान दे रहे हैं। जर्मनी से मोदी 28 जून को संयुक्त अरब अमीरात जाएंगे और खाड़ी देश के पूर्व राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान के निधन पर शोक व्यक्त करेंगे। पिछले कई सालों से बीमारी से जूझने के बाद 13 मई को शेख खलीफा का निधन हो गया था।

# कीव पर रूस ने किया हमला

**कीव।** यूक्रेन पर रूस के हमले लगातार जारी हैं। इस कड़ी रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर रविवार सुबह मिसाइलों से हमला किया।कीव के मेयर विताली क्लित्स्चको ने जानकारी दी कि यूक्रेन की राजधानी कीव पर रविवार तड़के रूस ने हमला कर कम से कम दो आवासीय इमारतों को निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार हमले के बाद कीव में राहत एवं बचाव कर्मी आग की लपटों पर काबू पाने के लिए जुट गए। मेयर क्लित्स्चको ने कहा कि चार घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और सात साल की एक बच्ची को मलबे से जीवित बाहर निकाला गया है। क्लित्स्चको का मानना है कि मैड्रिड (स्पेन) में इस हफ्ते होने वाली उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठक से पहले यह संभवतः एक प्रतीकात्मक हमला है।

यूक्रेन के सांसद ओलेक्सी गोनचारेंको के अनुसार रूस ने कीव क्षेत्र पर कम से कम 14 मिसाइल दागी। कीव पर इस तरह का हमला करीब 20 दिन बाद देखने को मिला है।